आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 3, अंक 298, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12

सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14

## एक नजर

### भाजपा नेता हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

# ट्रंप ने जी 7 छोड़ा, बोले- तेहरान खाली करो

## इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- तेल अवीव में मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी। इससे तेहरान छोड़कर भागने के कारण सड़कों पर लंबा जाम लग गया।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है।



इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।



कनाडा में जी7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप। ● एजेंसी

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। संघर्ष के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

# कनाडा पहुंचे मोदी ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर

- विश्व के नेताओं से ऊर्जा सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**कैलगरी (कनाडा), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। मोदी इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में यह सम्मेलन 16 जून से 17 जून तक चलेगा। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी बार भागीदारी है।



### कनाडा चाहता है संबंधों में सुधार

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

# डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

### बारिश, वज्रपात और आंधी की चेतावनी

**लखनऊ :** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश, वज्रपात व आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज, इटावा, अमेठी, बहराइच, गोंडा, मऊ, सहारनपुर जिले शामिल हैं।

### एअर इंडिया की सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**मुंबई, एजेंसी :** एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजे उड़ान भरनी थी।

### पेपर लीक का मुख्य आरोपी आयुष गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी व एक लाख के इनामी आयुष पांडेय को गिरफ्तार किया। आरोपी को कौशांबी के मंझनपुर स्थित करवरिया शुगर मिल के पास से मंगलवार दोपहर दबोचा गया। मऊ निवासी आयुष ने बताया कि वह प्रयागराज के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाता था। इसी दौरान आरओ/एआरओ की परीक्षा की तैयारी कराने वाले नवीन सिंह से मुलाकात हुई। परीक्षा के पेपर को पांच-पांच लाख रुपये में अभ्यर्थियों को देने की बात की थी। कई परिचित अभ्यर्थियों को यह पेपर दिया गया था।

# बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

**कमल हासन फिल्म विवाद**

- सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार
- कहा- ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती। ठग लाइफ को रिलीज करना सुनिश्चित किया जाए।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, सीबीएफसी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए।

# अब प्रदेश की 57691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी





**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे। बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हालांकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

### पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल-मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्ही तिथियों के आस-पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।



# 70 हजार नए भवनों को गृहकर का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**30** हजार और घरों को भी नोटिस दिया जाएगा | **800** करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया | **513** करोड़ पिछले वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली

**अमृत विचार।** नगर निगम ने 70 हजार नये घरों को गृहकर का नोटिस दे दिया है। राजस्व बढ़ाने के लिये 1 लाख नये घरों को चिन्हित किया गया है। जल्द ही 30 हजार और घरों को भी नोटिस दिया जाएगा। वहीं, गृहकर की आपत्तियों और निस्तारण के लिये 18 जून से जोनों में कैंप लगेंगे।

नगर निगम में पिछले वित्तीय वर्ष में 513 करोड़ रुपये की हुई राजस्व वसूली का लक्ष्य बढ़ाकर अब 800 करोड़ रुपये कर दिया है। नगर आयुक्त सुधीर कुमार के निर्देश पर इसको लेकर नगर निगम के अफसरों ने जोनवार गृहकर नहीं दे रहे नए भवनों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। पहले चरण में 1 लाख भवन कर निर्धारण किया गया है। इनसे गृहकर वसूलने की तैयारी की जा रही है। इसमें अब तक 70 हजार नए भवनों को नोटिस दी गयी है। बाकी को एक हफ्ते में दी जा रही है।

वहीं गड़बड़ वाले बिल और दी गयी नोटिस के समाधान के लिए हर जोन में बुधवार से समस्या समाधान शिविर लगाया जा रहा है। वर्तमान समय में 4.55 लाख भवनों से गृहकर लिया जा रहा है। जनता पर पिछले दो साल का बढ़ा गृहकर लगाकर बिल भेजे जा रहे हैं जबकि वर्तमान से बढ़ा गृहकर लगाया जाना चाहिए। इसको ठीक किया जाए।



- नगर निगम ने पहले चरण में एक लाख नए भवनों का कर निर्धारण किया
- गृहकर की आपत्तियों और निस्तारण के लिए 18 से जोनल में लगेंगे कैंप

### बढ़े गृहकर के बिलों के निस्तारण को लगेगा कैंप

**कानपुर।** नगर निगम कानपुर सीमा में नागरिकों की कर एवं अन्य समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये बुधवार से सभी जोन में कैंप लगेंगे। सुबह 10 बजे से 2 बजे तक समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक जोनल अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने मंगलवार को आदेश जारी किया। इस विशेष शिविर के अन्तर्गत नागरिक अपनी गृहकर, नामान्तरण, त्रुटि सुधार आदि से संबंधित शिकायतों का समाधान सीधे जोनल अधिकारियों के समक्ष प्राप्त कराते हुए निस्तारण करा सकेंगे।

नए भवनों को चिह्नित करके नोटिस दी जा रही है। आवासीय से व्यावसायिक में परिवर्तित हुए भवनों को भी चिन्हित करके व्यावसायिक नोटिस दी जा रही है। इसके अलावा गड़बड़ वाले बिल, नामांतरण व अन्य समस्याओं के निस्तारण को लेकर बुधवार से हर जोन में समस्या समाधान शिविर लगाया गया है। –अनिरुद्ध सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

# मन करता है अब चैन की नींद सो जाऊं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंस्टाग्राम पर पोस्ट व दोस्त से बात कर युवक ने की आत्महत्या

**अमृत विचार।** चकेरी में टेनरी कर्मी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि मन करता है, अब चैन की नींद सो जाऊं। इसके पहले उसने अपने दोस्त को कॉल भी किया। उसने उससे आत्महत्या की बात साझा की। इसके बाद फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

शिवकटरा निवासी 21 वर्षीय विशाल निगम जाजमऊ स्थित एक टेनरी में काम करता था। परिवार में पिता राम निगम, मां गुड़िया, भाई आदर्श, सिद्धू व बहन कशिश है। घरवालों ने बताया कि सोमवार रात को विशाल ने क्षेत्र में रहने वाले अपने दोस्त कपिल को कॉल किया था। उसने दोस्त से आत्महत्या करने की बात कही थी और फोन काटने के बाद उसने गले में फंदा कसना शुरू कर दिया। इस दौरान दोस्त ने उसे समझाने का प्रयास किया था, लेकिन मित्र के समझाने पर उसने उसकी कॉल काट दी थी। विशाल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया था, जिसमें लिखा कि मन करता है, अब चैन की नींद सो जाऊं। जिसे देखने के बाद आनन-फानन में उसका दोस्त भागकर घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। इस पर परिजन उसके कमरे पहुंचे तो पंखे के कुंड के सहारे उसका शव फंदे से लटका देखा। चकेरी थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि युवक ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या की है। वहीं इलाके में चर्चा रही कि युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है।



बैठक में अपर सचिव व वित्त सलाहकार प्रवीर कुमार पांडे, नगर आयुक्त सुधीर कुमार व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# 110 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपर सचिव प्रवीर कुमार ने की बैठक, अधिकारियों से कार्यों की ली जानकारी

**अमृत विचार।** पर्यावरण और वन मंत्रालय के अपर सचिव व वित्त सलाहकार प्रवीर कुमार पांडे ने मंगलवार को नगर निगम में वायु प्रदूषण गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। नगर निगम मुख्यालय में वायु प्रदूषण गुणवत्ता में सुधार के लिए नगर निगम की ओर से किए जा प्रयासों व रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने वायु प्रदूषण में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रस्तुतीकरण किया। बताया गया कि पिछले एक साल में ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटवा कर पौधरोपण किया गया। कुछ वर्षों में 110 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी पद्धति से पौधारोपण कराया गया। वर्तमान में शहर में प्रदूषण के मद्देनजर मेकेनिकल रोड स्वीपर्स, वॉटर स्प्रिंकलर्स के कार्य कराए जा रहें हैं। बताया गया कि नानाराव व कारगिल पार्क में वेस्ट मैटेरियल से सुंदरीकरण किया गया है। अधिकारियों ने उन्हे बताया कि साल 2023-24 में कानपुर की स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में रैंकिंग 17 थी जो 2024-25 में बढ़कर 5वीं रैंक हो गई है। समीक्षा बैठक में सीपीसी बीईओ रायबरेली के क्षेत्रीय निदेशक स्वर्ण सिंह , अपर नगर आयुक्त प्रथम, अपर नगर आयुक्त द्वितीय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, पर्यावरण अभियंता, सभी जोनल अधिकारी, अधिशासी अभियंता व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### घायल को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाएं

**कानपुर।** यदि कोई सड़क पर घायल पड़ा है तो उसे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाएं और सरकार से 25,000 रुपये का इनाम पाएं। आरटीओ आफिस में मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने इस योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने यह योजना लागू की है। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यदि सड़क पर कोई घायल पड़ा है तो तुरंत उसे हॉस्पिटल पहुंचायें।

### केस्को में शिकायतों का नहीं हो रहा समाधान

**कानपुर।** मुरारी इंडस्ट्रियल गैसेस ने लघु उद्योग भारती दादा नगर के हरजेंद्र मुरजानी को पत्र लिखा, जिसमे उन्होंने केस्को की अव्यवस्था की जानकारी दी, की गई शिकायतों का निस्तारण न होने की समस्या अवगत कराई। 23 मई को की गई शिकायत का निस्तारण नहीं होने पर और शिकायत उसी वैसे ही पड़ी रहने पर गुस्सा जाहिर किया। साथ ही समय पर बिल नहीं आने समेत अन्य अव्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

### आरटीओ प्रवर्तन बने राहुल श्रीवास्तव

**कानपुर।** गाजियाबाद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के पद से संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के पद पर पदोन्नत होकर कानपुर आये राहुल श्रीवास्तव को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राकेंद्र कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण कराया। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीसामऊ में सिल्ट ने घरों में किया कैद, गंदगी से बजबजा रहे नाले

## सीसामऊ नाले के पास सफाई के बाद 100 घरों के बाहर डाल दी गई सिल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कभी भी मानसून शहर में दस्तक दे सकता है, नाला–नालियों की सफाई की डेडलाइन भी पूरी हो चुकी है, लेकिन शहर के प्रमुख नालों के साथ ही गली-मोहल्ले की नाले-नालियां बजबजा रही हैं। आलम यह है कि शहर के प्रमुख नाले सीसामऊ की सफाई अभी जारी है। यहां टनों के हिसाब से लोगों के घरों के बाहर सिल्ट जमा है। सड़क पर पैर रखने तक की जगह नहीं है। दरवाजों तक जमा सिल्ट के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। समय पर सिल्ट उठान नहीं की गई तो बारिश होते ही वह एक बार फिर सिल्ट नालों में बह जाएगी।

अभियंत्रण विभाग का दावा है कि 236 नालों में 172 और विभागीय मशीनों से साफ हो रहे 30 बड़े नालों में 8 नालों की सफाई पूरी हो गई है, जबकि कुल 86 नालों की सफाई कार्य जारी है। करीब 2 लाख 37 हजार 715 मीटर लंबे नालों में सफाई कार्य किया जा रहा है। 15 जून की डेडलाइन पूरी होने के बावजूद प्रमुख नाले रफाका व सीओडी में गंदगी बजबजा रही है। यशोदा नगर स्थित सीओडी नाले में भीषण गंदगी व्याप्त है, हालात देख कर लग रहा है कि मानों सफाई सिर्फ कागजों में की गई हो।



सीसामऊ में नाले से सिल्ट निकालकर लोगों के घरों के बाहर डाल दी गई है।

**1433** छोटे-बड़े नालों को साफ करना है

**266** बड़े नालों की कराई जा रही सफाई

**1209** नालों की सफाई में 2 करोड़ खर्च

**15** जून की डेडलाइन पूरी, काम अधूरा

- रफाका नाला में लोग फेंक रहे गंदगी, जानवरों का अपशिष्ट बहा रहे

### रफाका में फेंक रहे गंदगी, नहीं हटी मछली मार्केट

- नगर निगम मुख्य अभियंता एसएफए जैदी ने विजय नगर में मछली मार्केट के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सुधीर कुमार को बताया था कि मार्केट की वजह से नालों में गंदगी जमा होती है, जिस पर नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से मछली मार्केट हटाने और रफाका नाले की गुणवत्ता पूर्ण सफाई कराने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन रफाका नाले की अब तक सफाई पूरी नहीं हो सकी है और न ही यहां से मार्केट हटी है।

### नाला सफाई और सिल्ट उठान की रिपोर्ट तलब

नगर आयुक्त ने नाला सफाई में लगे ठेकेदारों को चेताया है कि बरसात में मॉनीटरिंग के बाद ही ठेकेदारों का 25 फीसदी पैसा रिलीज किया जाएगा। विभाग ने कहा है कि 28 जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी होगी। यहां नालों और चेंबरों की सफाई के लिये टीमें बनाई गईं हैं। मुख्य अभियन्ता ‘सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने सभी जोन से रिपोर्ट मंगा ली है। नाला सफाई और सिल्ट उठान का आंकलन किया जा रहा है।

## बैंक कर्मी बनकर खाते से निकाले 1.36 लाख

**कानपुर।** खुद को इंडसइंड बैंक का कर्मचारी बताकर साइबर फ्राड ने युवक के खाते से 1.36 लाख रुपये की ऑनलाइन खरीदारी कर ली। युवक के मोबाइल पर मैसेज आने पर उसे ठगी का संदेह हुआ तो साइबर सेल व चकेरी पुलिस से शिकायत की।

चकेरी के कोयलानगर स्वर्ण जयंती विहार निवासी राजेश तिवारी के अनुसार बीती 31 मई की शाम करीब पांच बजे उसके मोबाइल पर एक अंजान कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को इंडसइंड बैंक का कर्मचारी और अपना नाम मनीष बताया। उसने कहा कि 21 हजार की एक पेमेंट इंटरनेशनल अपडेट है। उसने उसे हटाने के लिए एक लिंक भेजने की जानकारी दी। बातचीत के बाद युवक के व्हाट्सएप पर एक लिंक आया, जिसे युवक ने क्लिक कर दिया। युवक के अनुसार इसके बाद ही उसके खाते से दो बार में 92 हजार रुपये की क्रेडिट कार्ड से ठगी हुई। फ्राड ने इन पैसों से शॉपिंग की। इसके बाद राहुल दास नामक युवक ने एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से फ्लिपकार्ट के माध्यम से 44 हजार रुपये का मोबाइल खरीदा। उसका भी ऑनलाइन भुगतान किया। उसका भी मैसेज आया। खाते से कई बार में 1.36 लाख रुपये निकलने पर उसने साइबर सेल, चकेरी पुलिस से शिकायत कर बैंक से संपर्क किया।

## सार-संक्षेप



शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

### रक्तदान कर लोगों को किया जागरूक

**कानपुर।** गोविंद नगर एसबीआई बैंक और वीकेएसपी होप फॉर नेचर सोशल वेलफेयर चैरिटेबल एसोसिएशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया, रक्तदान शिविर में भारी मात्रा में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक भी किया। शिविर में आईएमए ब्लड बैंक टीम, एसबीआई बैंक से रीजनल मैनेजर राजीव कुमार पचौरी, ब्रांच मैनेजर नितिन राठौर, समाजसेवी बलदेव राज मल्होत्रा, राजेश भल्ला, वीकेएसपी होप फॉर नेचर सोशल वेलफेयर चैरिटेबल एसोसिएशन से विकास कुमार व प्रिंस यादव समेत आदि लोग रहे।

# सौतेली बेटी से दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने वाला पिता को बर्रा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी को पुलिस ने सोमवार शाम बर्रा बाइपास से हिरासत में लिया था। वहीं, किशोरी ने मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने अपने बयान दर्ज कराए और सौतेले पिता की हैवानियत को बयान किया।

बर्रा थानाक्षेत्र में रहने वाली 17 साल की किशोरी ने रविवार को मां के साथ थाने पहुंचकर सौतेले पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। कहा था कि पिता पिछले एक साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। किसी को बताने पर उसे और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। बर्रा इंस्पेक्टर नीरज ओझा ने बताया कि किशोरी के बयान दर्ज करने के साथ ही आरोपी पिता को जेल भेज दिया गया है।



# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने झांसी से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहचान छिपाकर इंस्टाग्राम के माध्यम से की थी दोस्ती, बनाया अश्लील वीडिया
- वीडियो वायरल की धमकी देकर किया शारीरिक शोषण, नशीला पदार्थ पिलाया

**अमृत विचार।** बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा से दोस्ती कर अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार गोविंदनगर पुलिस झांसी से गिरफ्तार कर लाई। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती की, इसके बाद व्हाट्सएप कॉल से बातचीत करने लगा। बहला कर छात्रा का अश्लील वीडियो बना लिया। छात्रा को ब्लैकमेल कर मिलने बुलाता, होटल ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। कई बार धमकाकर होटल ले गया। छात्रा ने पीछा छुड़ाना चाहा तो झांसी से अपने भाई के साथ आया और कालेज जाते समय रास्ते में छात्रा को मारापीटा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।

नौबस्ता के हंसपुरम इलाके की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा ने बताया कि इंस्टाग्राम से उसकी दोस्ती झांसी के ग्वालियर रोड निवासी आशीष उर्फ कृष्णा उर्फ मोहित उर्फ रोहित उर्फ योगेंद्र से हुई थी। फिर व्हाट्सएप कॉल पर बातचीत होने लगी। एक दूसरे को अपनी फोटो भेजी। वीडियो कॉल पर बातचीत में उसने बहलाकर अश्लील वीडियो बना ली और वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। बीती 24 मार्च को चावला चौराहा मिलने की बात कहकर अपने दोस्त को भेज दिया। दोस्त ने कहा आशीष हरबंसमोहाल स्थित होटल में है। होटल पहुंचने पर उसने नशीला पदार्थ पिला दिया और दुष्कर्म किया। वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कई बार धमकाकर दुष्कर्म किया। हिम्मत करके परिजनों से बताया, तब जाकर गोविंदनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### किनारा करने पर रास्ते में पीटा

- छात्रा ने बताया कि वह आशीष से किनारा करने लगी थी। इस पर बीती 26 मई को उसे धमकाते हुए मिलने का दबाव बनाया। मना करने पर एक दिन बाद अपने भाई अमन के साथ गोविंदनगर आ गया और कालेज के रास्ते में रोककर कई थप्पड़ मारा। इसके बाद आटो से हरबंस मोहाल होटल ले गया और दुष्कर्म किया। तब उसकी सहेलियों ने उसके चचेरे भाई को बताया और परिजनों को पता चला।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ARCHANA DWIVEDI था। जिसे मैंने बदलकर ARCHANA कर लिया है भविष्य मैं मुझे इसी ARCHANA नाम से जाना व पहचाना जाए

**सूचना**

पहले मेरा नाम सईद (SAEED) था, अब मैं अपना नाम बदलकर सईद अहमद (SAEED AHMAD) रख रहा है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O SHAKIR R/O KUMASI RASHARA, POST- NANDRAI P.S.- BALDIRAI, DIST- SULTANPUR-227814

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम मोहम्मद आजाद लियाकत खान (MOHAMED AZAD LIYAKAT KHAN) था। अब मैं अपना नाम बदलकर मो0 आजाद खान (MOHD AZAD KHAN) रख रहा हूँ, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O LIYAKAT KHAN, R/O PURE MADDE KHAN SARKAURA, P.S.- KURWAR DIST- SULTANUR-228155

**सूचना**

सूचित हो कि मै **कुसुमा चौरसिया पत्नी राम औतार निवासिनी– बरौरा हुसैनबाड़ी राजा विहार बाला गंज थाना –ठाकुरगंज जिला लखनऊ।** मैने अपने छोटे पुत्र नीरज चौरसिया को उसके व्यवहार से नाराज होकर समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब मेरे पुत्र नीरज के व्यवहार में बदलाव आ गया है, उसके व्यवहार से मेरी नाराजगी दूर हो गयी है इसलिए वह अपने पूर्व में लिये गये बेदखली के निर्णय को वापस लेती है। अब मेरा छोटे पुत्र नीरज चौरसिया मेरी समस्त चल–अचल सम्पत्ति के अपने हिस्से के उत्तराधिकारी रहेगें उन्हें मेरी सम्पत्ति में सभी विधिक अधिकार वैसे ही मिलेंगें जैसे एक पुत्र को मिलेंगे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे अंश उम्र 12वर्ष का नाम आधारकार्ड में गलती से धर्मेद्र लिख गया है जबकि स्कूल परिवार रजिस्टर व जन्मप्रमाण पत्र में अंश ही दर्ज हैं यही सही हैं। अत: बेटे का नाम आधारकार्ड में भी अंश दर्ज होना आवश्यक है व उसे इसी नाम से जाना जाय। **रामविलास निवासी ग्राम अमदही पूरे तारा तरबगंज गोण्डा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **बागीश मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी म्योढ़ा, साण्डी, हरदोई।** मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं0–B/817/ HDI/05 दिनांक 11.01.2005 में मेंरा नाम बागीश मिश्रा अंकित है परन्तु रिकार्ड में योगेश मिश्रा अंकित है जो कि अशुद्ध है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा शुद्ध नाम बागीश मिश्रा अंकित कर संशोधित ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 7411398 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **विश्वनाथ शुक्ला पुत्र गणेश प्रसाद शुक्ला निवासी काशीपुर थाना कोतवाली करनैलगंज जिला गोंडा, उ. प्र**

**सूचना**

मैं **अनूप कुमार पुत्र शैलेंद्र कुमार ग्राम रमुवापुर दुबई पोस्ट देवगांव थाना खीरों रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम शैलेंद्र शुक्ला अंकित है जो गलत है। मेरे डीएल में पिता का नाम शैलेंद्र कुमार होना चाहिए। शैलेंद्र कुमार ही मेरे पिताजी का सही नाम है।

**सूचना**

मेरा पुत्र जफर खान मेरे कहने सुनने में नही है। उसका चाल–चलन ठीक नहीं है । मैं उसके असमाजिक गतिविधियों से तंग आ गया हूं । आज से मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। आज की तारीख से उसका मुझसे मेरी तमाम जायजात से कोई वास्ता सरोकार नही रहेगा। **प्रार्थी मो0 रफीक खान सुत मन्सब खान साकिन पूरे अहबल मजरा पूरब रवनिया डाकखाना अलीगंज थाना कुड़वार तहसील सदर, जनपद सुलतानपुर (ऊप्र)।**

हेल्थ जोन | भीषण गर्मी से गर्भवती महिलाओं को हो रही समस्या, बढ़ रहा बीपी

# गर्मी से समय पूर्व प्रसव, फट रही पानी की थैली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी का असर न सिर्फ आम लोगों की सेहत पर पड़ रहा है, बल्कि गर्भवती महिलाओं के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहा है। भीषण गर्मी से गर्भवतियों का बीपी बढ़ रहा है और शरीर में पानी की कमी हो रही है। कुछ गर्भवतियों का तो समय से पूर्व प्रसव हो जा रहा है और गर्मी सहन नहीं होने की वजह से पानी की थैली फटी मिल रही है, जिसकी वजह से न सिर्फ मां को बल्कि गर्भ में बच्चे को समस्या हो रही है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में बीते एक सप्ताह में 15 गर्भवती ऐसी पहुंचीं, जिनका अस्पताल में समय से पहले प्रसव कराना पड़ा। भीषण गर्मी की वजह से इनमे से कुछ गर्भवतियों की पानी की थैली (जिसमे बच्चा घूमता है) फटी मिली, इस कारण उनको अधिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उनको ब्लड प्रेशर संबंधित समस्या बढ़ी है और तनाव की समस्या भी गर्भवतियों में अधिक होने से उनको दिक्कत हो रही है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ.शैली अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे गर्भवती में पानी की थैली कमजोर होने से वह फट सकती है। गर्मी के कारण गर्भाशय पर दबाव बढ़ने से भी पानी की थैली फट सकती है। वहीं, गर्मी के कारण गर्भवतियों में तनाव अधिक बढ़ जाता है, जिसकी वजह से उनको उलझन होने लगती है, जो समय से पहले प्रसव का कारण बन सकता है। गर्मी से पहले अस्पताल में ऐसे केस कभी-कभार ही देखने को मिलते थे, लेकिन इन दिनों प्रतिदिन एक से दो केस आ रहे हैं।



- डॉक्टरों की सलाह, पानी की कमी न होने दें शरीर में

### ऐसे करें बचाव

- पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।
- इलेक्ट्रॉल पाउडर, ग्लूकोस व एनरजल का इस्तेमाल करे
- ढीले और आरामदायक कपड़े पहनने चाहिए।
- धूप में ज्यादा देर तक रहने से बचें।
- छाछ, नारियल पानी आदि का सेवन करें।
- डॉक्टर द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें।

# बिजली महंगी करना जनता से क्रूर मजाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस ने कहा–सरकार को सद्बुद्धि दो भगवान

**अमृत विचार।** कांग्रेस का आरोप है कि महंगाई कम करने के नाम पर सरकार बनाने वाली भाजपा ने महंगाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बिजली मूल्यवृद्धि के प्रदेश सरकार के प्रस्ताव के विरोध में ग्वालटोली में कानपुर महानगर कांग्रेस ने सरकार के लिए सद्बुद्धि प्रार्थना की और बिजली महंगी करने के प्रस्ताव को प्रदेश की जनता के साथ क्रूर मजाक करार दिया।

महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने ग्वालटोली में बिजली मूल्यवृद्धि के प्रस्ताव के विरोध सत्याग्रह करते हुए प्रदेश सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। बिजली मूल्यवृद्धि के प्रस्ताव का वापस लेने की मांग की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि बिजली की प्रस्तावित मूल्यवृद्धि लागू हो गयी तो बिजली 13 से 14 रुपये प्रति यूनिट जाएगी। फिक्स्ड चार्ज ही 110 के बजाय 190 रुपये प्रति किलोवाट हो जाएगा। 3 स्लैब के प्रस्ताव को यदि मान लिया गया तो कीमतों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। कार्यक्रम में मखलू पाण्डेय, राम मूर्ति, शंकर लाल ,राम कुमार सोनकर,संजय बाल्मीकि, प्रकाश बाल्मीकि आदि थे।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क

जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट रोग विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना है।

| 38.9° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:04 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

**डीएम-सीएमओ की जंग:** जेएम फार्मा का एक लेटर सोशल मीडिया में वायरल, कंपनी के प्रोपराइटर का इंटरव्यू भी वायरल, लगाए कई आरोप

# सीएमओ पर एक फर्म ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच चल रही तनातनी के बीच मंगलवार को जेएम फार्मा का एक लेटर सोशल मीडिया में वायरल हुआ। साथ में कंपनी के प्रोपराइटर का इंटरव्यू भी वायरल हुआ, जिसमे वह सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी पर भ्रष्टाचार और घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। यह भी बता रहे हैं कि कब और किस तरह से घोटाला किया गया। बिड होने के बाद भी उनका माल रिसीव क्यों नहीं किया जा रहा था।

जेएम फार्मा के प्रोपराइटर राजेश शुक्ला ने वायरल वीडियो में बताया कि कमीशनखोरी के चलते जेएम फार्मा के खिलाफ साजिश रची गई। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग में एक करोड़ 60 लाख रुपये का टेंडर कंपनी को मिला था, जिनमे से कंपनी ने एक करोड़ 30 लाख रुपये का माल भेजा था। तब सीएमओ ने माल लेने में काफी मुश्किल पैदा की थी। साथ ही रिपोर्ट भी गलत बना दी थी। साजिश के तहत माल को रिसीव नहीं किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री से शिकायत की गई तो जांच खुद सीएमओ को दे दी गई। मामले की शिकायत फिर कोर्ट में की गई। राजेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि सप्लाई की गई जांच किट को बिना किसी लैब से जांच कराए ही घटिया बताया। उनका आरोप है कि सिंडिकेट की फर्म को ठेका दिलाने के लिए जेएम फार्मा को ब्लैकलिस्टेड करने की साजिश रची गई।




- फर्म के मुताबिक कोर्ट में की है मामले की शिकायत

### सीएमओ का काम रेट तय करना नहीं

- राजेश शुक्ला का आरोप है कि सीएमओ ने पहली खरीदारी एक फर्म से 68.90 लाख रुपये की थी तो उन्होंने माल का रेट पहले से ही तय कर रखा था, यह रेट सीएमओ को उनके चहेतों ने दिया था। जबकि असल में सीएमओ का काम माल की क्वांटिटी डिसाइड करना है, रेट नहीं। इसके बाद 1.68 लाख की खरीदारी में भी सीएमओ ने पहले से ही अपने रेट तय कर रखे थे। आरोप है कि सीएमओ ने बिड के बाद भी जेएम फर्म का माल कैंसिल किया था। मामला फिलहाल कोर्ट में है। इस संबंध में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनकी कॉल रिसीव नहीं हुई।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### सोशल मीडिया पर लोग बोले, ऐसा डीएम मिलना मुश्किल है

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के बीच चल रही खींचतान की चर्चा पूरे शहर में हैं। कुछ लोग सीएमओ के पक्ष में बोल रहे हैं, जिसमे भाजपा के तीन विधायक व उनके समर्थक शामिल है। जबकि डीएम के पक्ष में भाजपा के दो विधायक व एक सपा विधायक और उनके समर्थन में है। सोशल मीडिया पर खास के साथ आम लोग भी प्रतिक्रिया साझा कर रहे हैं। डीएम के पक्ष में कमेंट ज्यादा हैं, जबकि सीएमओ के पक्ष में लोग ज्यादा कमेंट नहीं कर रहे हैं। कई लोगों ने डीएम की कार्यशैली की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि ऐसा डीएम मिलना कठिन है। इसके अलावा सरकारी विभागों में भी इन दिनों अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच इस बात की चर्चा हो रही है कि कौन रहेगा और कौन कुर्सी से जाएगा। शहर के गोल्डन बाबा से लेकर कॉमेडियन अन्नू अवस्थी तक डीएम के कार्यों की सराहना कर रहे हैं। यह मामला अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच गया है।

### ऑटो चालक डीएम के समर्थन में

**कानपुर।** एक ऑटो चालक ने जिलाधिकारी को ईमानदार बताते हुए उनके समर्थन में एक ज्ञापन एसीएम को सौंपा है और मुख्य चिकित्साधिकारी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। ये वही ऑटो चालक है जिसे गणतंत्र दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि बनाकर उसी से झंडारोहण कराया था। मंगलवार को ऑटो चालक राकेश कुमार सोनी मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देने के लिए जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचा। जिलाधिकारी नहीं थे तो ऑटो चालक ने अपना ज्ञापन एसीएम को सौंपा। ऑटो चालक ने ज्ञापन में मुख्य चिकित्साधिकारी पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। कहा है कि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एक अच्छे अधिकारी हैं, जो पूरी ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करते हैं।

# सपा विधायक का सरकार पर तंज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लड़ाई डीएम व सीएमओ के बीच की नहीं, सीएम व डिप्टी सीएम की है: अमिताभ बाजपेई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के बीच चल रही खींचतान की वजह से भाजपा विधायक दो गुटों में बंट गए हैं, जबकि सपा के दोनों विधायक दर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। सपा विधायकों का कहना है कि यह लड़ाई जिलाधिकारी व सीएमओ के बीच की नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बीच की है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के बीच चल रहा विवाद अब और पेचीदा होता जा रहा है। इस लड़ाई में भाजपा के पांच विधायक भी सामने आ गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष व महाराजपुर से भाजपा विधायक सतीश महाना, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी व एमएलसी विधायक अरुण पाठक सीएमओ के पक्ष में हैं। जबकि बिठूर से भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा और किदवई नगर से विधायक महेश त्रिवेदी डीएम के पक्ष में है। मंगलवार को सपा से आर्य नगर विधायक अभिताभ बाजपेई और कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी भी मामले में आगे आ गए हैं। विधायक अमिताभ बाजपेई ने वीडियो जारी कर कहा कि हम दर्शक बनकर पूरा मामला देख रहे हैं। अधिकारियों के विवाद में आम आदमी ठगा जा रहा है। सरकार जीरो टॉलरेंस नीति की बात करती है, जबकि अधिकारियों का विवाद ये दर्शाता है कि सरकार भ्रष्टाचार में इस कदर लिप्त है कि वह आपस में ही झगड़ बैठे हैं।

विधायक का कहना है कि कि ये लड़ाई डीएम और सीएमओ की नहीं है बल्कि मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के बीच की है। भाजपा का जो विधायक जिस गोल का है, उसी अधिकारी के पक्ष में लेटर लिख रहा है। जनता सब देख रही है और बर्दाश्त कर रही है।

### कार्यों के हिसाब से डीएम सराहना के काबिल: रूमी

- कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने कहा कि जिलाधिकारी ने कांशीराम अस्पताल का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं को अच्छा करने का प्रयास किया था। स्वास्थ्य सेवाएं कानपुर में अच्छी नहीं हैं। आम आदमी इलाज कराने के लिए परेशान है। मेरा डीएम और सीएमओ से कोई लेनादेना नहीं है। लेकिन कार्यों के हिसाब से डीएम सराहना के काबिल है। सीएमओ को स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करना चाहिए था। व्यवस्थाओं को ठीक न करके सीएमओ ने इसका राजनीतिकरण कर दिया। जनता को जो लाभ पहुंचना चाहिए था, वो नहीं मिल रहा है। विपक्ष के विधायक डीएम के साथ हैं।

## एक नजर

### टेंपो पलटा, चालक समेत सवारियां जख्मी

**कानपुर।** अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने में सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। मंगलवार दोपहर टाटमिल से रामादेवी जा रहा था टेंपो रेलबाजार के लोको कालोनी के पास पहुंचा था, तभी सामने से अचानक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने में टेंपो अनियंत्रित हो गया और सड़क पार रहे आटो में टक्कर मारते हुए पलट गया। हादसे में आटो व टेंपो में सवार सवारियां चुटहिल हो गईं। चालक के हाथ व सिर पर में चोटे आईं। राहगीरों ने टेंपो व आटो की सवारियों को निजी अस्पताल भेजा। रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि किसी ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

### स्कार्पियो ने युवक को टक्कर मारी फिर रौंदा

**कानपुर।** चकेरी में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। भागने के प्रयास में गाड़ी के आगे गिरे युवक को चालक ने कुचल दिया और गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घायल को कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मूलरूप से फतेहपुर के पधारा गांव निवासी 40 वर्षीय रामकिशोर साहू शहर में एक फर्नीचर की दुकान पर काम करता था। चकेरी के सनिगवां में पत्नी गीता, बेटा दिव्यांशु और बेटी आरोही के साथ किराये पर रहता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था, तभी रास्ते में श्यामनगर छप्पन भोग चौराहा के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके बाद कार चालक ने भागने के प्रयास किया तो कार के आगे गिरे युवक को रौंद दिया। बाद में पुलिस ने घायल को कांशीराम भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर चालक के बारे में पता लगा रही है।

# रौजों की जियारत को गए लोग, परिजन परेशान

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- हज के वापसी के तुरंत बाद लखनऊ से 70-80 हाजियों का काफिला गया
- काफिले में कानपुर के लोग शामिल, जंग शुरू होने से मुश्किल में फंसे

**अमृत विचार।** ईरान और इजरायल के मध्य छिड़ी भीषण जंग के बीच उन हाजियों के दिल की धड़कनें बढ़ गई हैं जो हज से वापस आने के तुरंत बाद ईराक और ईरान के रौजों की जियारत के लिए लखनऊ से जा चुके हैं। इस ग्रुप में कानपुर के लोग भी शामिल हैं।

दरअसल अधिकतर शिया हजरात हाजी बनने के बाद ईराक व ईरान में हजरत अली, हजरत इमाम हुसैन, हजरत इमाम हसन व अन्य वलियों के रौजों पर हाजिरी देने के लिए जाते हैं। उसके लिए लखनऊ, मुंबई, दिल्ली समेत कई महानगरों में एजेंट हैं जो शिया हाजी हजरात को जियारत कराने के लिए ईराक व ईरान लेकर जाते हैं। इस बार भी पिछले सप्ताह ही लखनऊ के मौलाना निहाल 70-80 शिया हाजी को लेकर रौजों की जियारत कराने के लिए जा चुके हैं। इनमें कानपुर के भी कई शिया उलेमा शामिल हैं। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा जनता से तेहरान खाली करने की चेतावनी देने के बाद लोगों में दहशत फैली हुई है। ऐसे परिवार दहशत में हैं जिनके परिवार के लोग रौजों की जियारत के लिए गए हैं क्योंकि ईरान का एयरस्पेस बंद है और नेटवर्क गायब है जिससे किसी से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। ईरान में शिया समुदाय की विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी एवं मदरसे हैं जिनमें उच्च शिक्षा लेने के लिए बड़े पैमाने पर युवा-युवतियां भी ईरान जाती हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# गंगा के मुहाने अवैध निर्माण चला बुलडोजर

**कानपुर।** गंगा डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण हो रहे हैं। कटरी, बैराज से मंधना तक अवैध निर्माणकर्ता सक्रिय हैं। डूब क्षेत्र में प्लाटिंग कर आम लोगों को बेचा जा रहा है। मंगलवार को एक बार फिर से ऐसी प्लाटिंग के खिलाफ केडीए ने अभियान चलाकर बुलडोजर चलाया। इस दौरान करीब 8 बीघा जमीन को खाली कराया गया।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर मंगलवार को अधिकारी ख्यौरा कटरी, गंगा बैराज से मन्धना मोड़ तक पहुंचे। यहां डूब क्षेत्र में अज्ञात लोगों के द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन जोन-1 सत शुक्ला, अवर अभियन्ता कैलाश सिंह और विभागीय प्रवर्तन गैंग के साथ स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ऐसे निर्माणों को तोड़ दिया गया। ख्यौरा कटरी कानपुर, गंगा बैराज से मन्धना मोड पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा 8 बीघा की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

# सर्राफ पर गोली चलाने वाला मुठभेड़ में दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सराफा कारोबारी से 50 लाख रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों से मंगलवार तड़के गोविंदनगर पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम से मुठभेड़ हुई। गुजैनी हाईवे के समीप मुठभेड़ में बाइक सवार बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के दाएं पैर में गोली लगी। जिसे पुलिस ने दबोच लिया, जबकि साथी भागने में कामयाब रहा। पकड़ा गया बदमाश रावतपुर के आनंदनगर का रहने है। जिसने व्यापारी पर फायर किया था। आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद हुई है।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि मंगलवार तड़के बदमाशों की लोकेशन मिली थी। सूचना पर गुजैनी हाईवे के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी बीच नीले रंग की बाइक से दो युवक आए और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो पीछे बैठा युवक ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाशों पर फायरिंग की। गोली सीधे एक बदमाश के दाएं पैर में जा लगी। इससे वह वहीं गिर पड़ा, जबकि बाइक चला रहा बदमाश भागने में कामयाब रहा। भागने वाला आरोपी छोटू उर्फ राज है, जो सराफा पर फायरिंग के दिन भी बाइक चला रहा था। वहीं पुलिस मुठभेड़ में हत्थे चढ़ा आनंदनगर निवासी बदमाश अनुज तिवारी उर्फ पंडित को घायल अवस्था में इलाज के लिए हैलट ले जाया गया। गोविंदनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि गोविंदनगर क्यू-ब्लाक निवासी सराफा कारोबारी अनिल कुमार गुप्ता की सेठ रामकुमार गुप्ता ज्वैलर्स के नाम से बिल्हौर में दुकान है। आठ जून की रात 9.30 बजे वह बिल्हौर की दुकान से लौटकर घर के बाहर कार खड़ी कर डिग्गी से सामान निकाल रहे थे, तभी पीछा करके आए बाइक सवारों ने उन पर फायर किया था। इसके बाद सराफा को फोन कर कहा कि अभी धमाका कराया है। जिंदा रहना है तो 50 लाख रुपये दे दो। इसके बाद सराफा कारोबारी ने पुलिस को सूचना दी।

**मारना नहीं डराना चाहते थे:** मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी अनुज तिवारी ने बताया कि योजना धीरेंद्र यादव उर्फ दद्दा ने बनाई थी। फिर आदित्य सोनकर ने गोविंदनगर से बिल्हौर तक रेकी की। एक माह तक रेकी के बाद उसे व छोटू को डराने के लिए कहा गया। रास्ते में छोटू ने सराफा को दो बार कॉल किया, लेकिन बात नहीं हुई। अगर फोन उठ जाता तो रास्ते में हमला करते। इस पर पीछा करते हुए गोविंदनगर उसके घर पहुंच गए। फायर कारोबारी पर नहीं कार पर किया था। कारोबारी को सिर्फ डराना चाहते थे।


घायल बदमाश अनुज तिवारी।

### कारोबारी ने नहीं उठाया फोन

- आरोपी अनुज ने पुलिस को बताया कि छोटू ने ही कॉल कर रंगदारी मांगी थी। 20 मिनट बाद दोबारा कॉल किया तो दूसरे ने उठाया। रात तीन बजे फिर तीसरी बार कॉल की, नहीं उठा। अगर फोन उठ जाता तो रात में ही पहुंच जाते। अनुज ने पुलिस को बताया कि आरोपी छोटू, धीरेंद्र यादव उर्फ आदित्य सोनकर से उसकी मुलाकात जेल में हुई थी। जेल में ही मिलकर गिरोह बनाया। जेल से निकलने के बाद कई चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम दिया।

### चोरी व चेन स्नेचिंग की वारदातें कीं

- पुलिस के अनुसार आरोपी हिस्ट्रीशीटर आदित्य सोनकर ने 22 मार्च का बर्रा से चोरी की। फिर आदित्य व छोटू ने चेन स्नेचिंग की वारदातें की। रावतपुर और पनकी में हुई चेन लूट के फुटेज हाथ लगे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अनुज तिवारी पर बर्रा, नौबस्ता और आगरा में चोरी के छह मुकदमे दर्ज हैं। आदित्य सोनकर के खिलाफ चोरी समेत अन्य धाराओं में आठ मुकदमे हैं। छोटू व धीरेंद्र यादव का रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

**प्रयास** | पुलिस अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की बैठक में किया गया मंथन

# सूखा नशा का गंदा धंधा व जाम बड़ी समस्या, दूर करने पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा, आटो और टेंपो का चौराहों पर झुंड अब शहर में मुसीबत बना है। इनके बेतरतीब खड़े होने से जाम की समस्या आम है। वहीं, शहर की दूसरी बड़ी समस्या सूखा नशा है। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर आफिस में जन प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में इन दो समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। दोनों समस्याओं को समाप्त करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने इस पर योजना तैयार की।

जनसमस्याओं का निस्तारण, पुलिस का लोगों से अच्छा व्यवहार, कमिश्नरेट में कई जगह हो रहे सूखे नशे पर अंकुश लगे। इसके अलावा शहर में नौबस्ता, जरीब चौकी, गोविंदनगर, टाटमील समेत अन्य स्थानों पर लगने वाले से जनता को छुटकारा मिले। इस पर पुलिस व जन प्रतिनिधियों की विशेष चर्चा हुई। ई-रिक्शा से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर बात हुई। सभी डीसीपी से कहा गया कि वह अपने-अपने जोन में एडीसीपी, एसीपी, एसएचओ और चौकी प्रभारियों के माध्यम से तत्काल प्रभावी निस्तारण कराएंगे। बैठक में सांसद रमेश अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष उत्तर अनिल दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी लॉ एंड आर्डर आशुतोष कुमार, एडिशनल सीपी क्राइम एंड हेड क्वार्टर विनोद कुमार सिंह, डीसीपी सेंट्रल एसके सिंह व डीसीपी वेस्ट दिनेश त्रिपाठी आदि रहे।


पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करके सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### जन प्रतिनिधियों से करेंगे बातचीत

- पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सभी जोन के डीसीपी से कहा कि अपने-अपने जोन में माह में एक बार जरूर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। जिसमें एसीपी और थाना प्रभारी मौजूद रहें। सभी एसीपी व एसएचओ अपने-अपने थानाक्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे तो सूखा नशा का अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा। इसके साथ ही नारकोटिक सेल को भी तत्काल सक्रिय किया जाएगा।

- नारकोटिक्स सेल गतिशील करने का अफसरों ने दिया आश्वासन

### इन नंबरों पर दे सकते हैं कोई सूचना

डीसीपी ईस्ट- 9454400572
डीसीपी वेस्ट- 9454400571
डीसीपी साउथ- 9454400573
डीसीपी सेंट्रल- 9454400686

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बीए ऑनर्स फिलॉसफी का कोर्स सीएसजेएमयू में शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में बीए ऑनर्स फिलॉसफी के कोर्स का शुरू किया गया है। इस कोर्स के लिए 30 सीटों पर प्रवेश युवा ले सकते हैं। 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। बीए (ऑनर्स) फिलॉसफी की एक वर्ष की फीस 19,200 रुपये है। विवि के अधिकारियों ने बताया कि दर्शनशास्त्र विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं का भी द्वार खोलता है।

एक दौर में केवल टीचिंग प्रोफेशन के लिए उपयुक्त समझी जाने वाली फिलॉसफी अब सभी पुरानी अवधारणाओं को पीछे छोड़ते हुए टॉपर्स की पसंद के तौर पर उभरी है। रिसर्च से लेकर कॉर्पोरेट सेक्टर, लॉ, बायो मेडिसिन, ग्रीन डेवलपमेंट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में फिलॉसफी के छात्र बाजी मार रहे हैं।

### इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

**शिक्षण में करियर:** स्कूल, कॉलेज, प्रबंधन संस्थान, सेंट्रल यूनिवर्सिटीज व आईआईटी में अध्यापन के ढेरों अवसर मौजूद हैं। **पब्लिक सेक्टर में करियर :** पब्लिक सेक्टर में संभावित करियर में सिविल सेवाएं, सरकार, स्वास्थ्य सेवाएं, पुलिस बल और सशस्त्र बल में भूमिकाएं शामिल हैं। कई प्रशासनिक और अन्य कार्यालय-आधारित भूमिकाएं हैं। **रिसर्च :** फिलॉसफी में पीएचडी के बाद यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ भी काम किया जा सकता है।

## खुदी सड़क पर बजरी डालकर छोड़ दी, रोज फंस रहीं गाड़ियां, आईजीआरएस पोर्टल शिकायतों से भरा

# सड़क पर डाल दी गिट्टी, दिनभर उड़ती मिट्टी

**कानपुर।** खुदी सड़कों का जख्म इस बरसात शहर के नागरिकों को मुश्किल में डाल सकता है। मेट्रो के कार्य, पाइप लाइन डालने और सीएम ग्रिड की सड़कों के निर्माण कार्य के चलते एक के बाद एक कई सड़कें छलनी हो चुकी हैं। जिन सड़कों पर पाइप लाइन डालने का काम पूरा हो गया है वहां मिट्टी से गड्ढों को भर दिया है। ऐसी कई सड़कों के निर्माण के नाम पर बजरी डालकर ठेकेदार व कर्मचारी गायब हो गये हैं। ऐसे में बरसात होती हैं तो सड़कें धसेंगी और पानी भरेगा। जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाएगा।



उस्मानपुर जाने वाली मुख्य सड़क पर गिट्टी डालकर छोड़ दी गई सड़क।





विजयनगर में खोदाई की वजह से लगे मिट्टी के ढेर और उड़ती हुई धूल। एक तरफ की पूरी रोड ही बंद है। अमृत विचार

### आईजीआरएस शिकायतों में जनता लगा रही गुहार

- बाबा कामेश्वर मंदिर से हमीरपुर रोड तक सड़क खुदी है। खाड़ेपुर वार्ड के रहने वाले विशाल साहू ने सड़क मरम्मत के लिये पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को शिकायत की है। साकेत नगर में गहरी पेयजल पाइप लाइन डालने में खुदी सड़क पर चलना दूभर है। जूही के रहने वाले नितिन कुमार तिवारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर सड़क का निर्माण जल्द कराने को कहा है। बर्रा हनुमान मंदिर में सड़क पर हुये गड्ढे और जलभराव की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की है। निराला नगर में रहने वाले अमन तिवारी ने कहा है कि समस्या के चलने कभी भी हादसा हो सकता है।

### दिनभर उड़ रही धूल, फंस रहीं गाड़ियां

- खोदाई की वजह से सड़कों पर दिनभर धूल उड़ रही है। सचान से शास्त्री चौक जाने वाली सड़क पर पाइप लाइन डालने के बाद मिट्टी के ढेर लगा दिये गये हैं। यहां गाड़ियां निकलने में फंस रही हैं। आस-पास रहने वाले लोग उड़ती धूल से परेशान हैं। दक्षिण में एमवीआर होटल से बारादेवी दक्षिणी गेट व साकेत नगर मछली मार्केट से उस्मानपुर जाने वाली सड़क पर गिट्टी तो डाल दी गई है, लेकिन यह गड्ढे में भरी हुई है। इससे गाड़ियां फंस रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे में बरसात हुई तो सड़क और बैठक जाएगी जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ेगा।

### एक दूसरे के पाले में डाल रहे गेंद

- शहर की खुदी सड़कों को लेकर की जा रही आईजीआरएस को लेकर अब अधिकारी एक दूसरे के पाले में गेंद डाल रहे हैं। पीडब्ल्यूडी खुदी सड़कों को बनाने के लिये नगर निगम को पत्र लिख रहा है। विभाग कह रहा है कि खुदी सड़कें उसकी नहीं हैं। वहीं, मेट्रो, जलनिगम व जलकल भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों से हट रहे हैं। ऐसे में राहगीर परेशान हैं।

> जहां काम चल रहा है वहां बैरीकेडिंग लगाने के निर्देश दिये हैं। खुदी सड़कों को मोटरेबुल करने को कहा है। कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।
> – सुधीर कुमार, नगर आयुक्त

### दक्षिण क्षेत्र में यह बड़ी सड़कें खुदी हुईं

- साकेत नगर मछली मार्केट से उस्मानपुर जाने वाली सड़क खुदी पड़ी
- एमवीआर होटल से बारादेवी दक्षिणी गेट तक जाने वाली सड़क बदहाल
- सचान चौराहे से शास्त्री चौक तक जाने वाली सड़क की एक पट्टी महीनों से बाधित
- सीटीआई चौराहे के आस-पास और विजय नगर तक सड़क खराब
- अलंकार गेस्ट हाउस से बाबा कुटी किदवई नगर तक आधी सड़क खुदी है
- डबल पुलिया और शास्त्री नगर में महीनों से खुदी पड़ी हैं सड़कें

## 59 महिला कंडक्टरों का चयन, चालकों की कमी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में अब महिला कंडक्टर दिखाई देंगी। 59 महिला कंडक्टरों को भर्ती किया गया है। हालांकि परिवहन को अच्छे चालक नहीं मिल रहे हैं क्योंकि सख्त नियमों के कारण चालक भर्ती होने से कतरा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते माह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए सर्वप्रथम परिवहन में महिला कंडक्टरों की भर्ती के आदेश दिए थे जिसपर कानपुर समेत कई स्थानों पर महिला कंडक्टरों की भर्ती की गई थी। कानपुर में भी 59 महिला कंडक्टरों का चयन किया गया है जिनके कागजात की खानापूरी की जा रही है और जल्द ही इन्हें रूट आवंटित किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर परिवहन में चालकों की कमी के चलते बसों के संचालन में दिक्कत हो रही है। स्थिति ये है कि एक वर्ष में भी जितने चालकों की भर्ती होना चाहिए, वह नहीं हो पाए हैं। चालकों का रुझान परिवहन में भर्ती की ओर इसलिये ज्यादा नहीं है क्योंकि परिवहन ने चालकों के लिए सख्त नियम बना रखे हैं जैसे दुर्घटना होने पर चालक के वेतन से कटौती होगी। इस संबंध में आजाद नगर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार का कहना है कि 59 महिला कंडक्टरों को नियुक्ति हो चुकी है।



सोलर पैनल से रौशन हो रहा लोको शेड। अमृत विचार

## सोलर से 10.80 लाख यूनिट बिजली उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इलेक्ट्रिक लोको शेड, मेमू शेड, कोचिंग कांप्लेक्स, रनिंगरूम पैनल के हवाले

**1200** किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल से कानपुर सेंट्रल भी जगमगा रहा

**अमृत विचार।** रेलवे ने कानपुर समेत पूरे उत्तर मध्य जोन में अब धीरे धीरे सोलर पैनल को वरीयता देना शुरू कर दिया है। कानपुर में सोलर पैनल से 10.80 लाख यूनिट बिजली पैदा करके एक रिकार्ड बनाया है। सोलर पैनल से रेलवे को 48.28 लाख रुपये से अधिक राजस्व की बचत हुई है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि कानपुर परिक्षेत्र में कानपुर सेंट्रल स्टेशन, इलेक्ट्रिक लोको शेड, बहु-विषयक मंडल प्रशिक्षण संस्थान कानपुर, मेमू शेड कानपुर, न्यू कोचिंग कॉम्प्लेक्स सीईटीए स्कूल कानपुर, न्यू एवं ओल्ड ड्राइवर रनिंग रूम एवं अधिकारी विश्रामगृह में 1200 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। इन सोलर पैनलों से गत वित्तीय वर्ष में 10.80 लाख यूनिट विद्युत का उत्पादन कर 48.28 लाख रुपये से अधिक रेल राजस्व की बचत की गई। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, नैनी, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, मानिकपुर, इटावा, दादरी, फतेहपुर, विंध्याचल, शिकोहाबाद, मिर्जापुर, अलीगढ़ एवं सूबेदारगंज स्टेशनों सहित अनेक कार्यालयों एवं स्टेशनों पर सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। टूंडला स्टेशन, सर्विस बिल्डिंग टूंडला, फीरोजाबाद स्टेशन, सर्विस बिल्डिंग फीरोजाबाद, शिकोहाबाद स्टेशन में 614 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं।

## कोटेदारों के जरिये फैमिली आईडी बनेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोटेदारों के माध्यम से राशन के लाभार्थियों की फैमिली आईडी बनाये जाने का अभियान बुधवार यानी 18 जून से चलाया जायेगा।

इस अभियान को सफल बनाये जाने के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक को लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस कार्य के प्रगति के नियमित अनुश्रवण के लिए सभी क्षेत्र के कोटेदारों पर एक-एक जिलास्तरीय अधिकारी भी नामित किया गया है।



फैमिली आईडी को लेकर बैठक करतीं मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

- राशन के लाभार्थियों की फैमिली आईडी बनाने का काम शुरू

मंगलवार को फैमिली आईडी की प्रगति में सुधार के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में विकास भवन में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिवस में बनाये गये फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा करें। जिन क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक द्वारा अपेक्षित प्रगति अर्जित नहीं की जाती है, उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। इस बैठक में सहायक मत्स्य अधिकारी उपस्थित नहीं थी, जिनका एक दिवस का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर को निर्देशित किया गया कि फैमिली आईडी की प्रगति की नियमित समीक्षा वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रतिदिन सायं बैठक आयोजित करायी जाए।

## 65 छात्र-छात्राओं को पांच सितारा होटल में चयन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के 65 छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप के लिए विभिन्न पांच सितारा होटल में चयन हुआ है। विभाग के निदेशक सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि होटल मैनेजमेंट के बैचलर प्रोग्राम में पांचवे सेमेस्टर व डिप्लोमा प्रोग्राम्स के दो सेमेस्टर के बाद 6 महीने की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए विभाग के विभिन्न छात्र-छात्राएं किसी न किसी बड़े होटल में काम करने के तौर तरीके और इंडस्ट्री का पूर्ण अनुभव लेने के लिए जाते हैं, जिससे इंडस्ट्री का पूर्ण व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। बैच के सभी छात्रों का चयन बड़े होटल में हो चुका है, जिनमे मुंबई, दिल्ली, लखनऊ, नोएडा, कानपुर, गुरुग्राम, उदयपुर आदि के पांच सितारा होटल शामिल हैं।

## आपातकाल की विभीषिका बताएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 25 जून को आपातकाल की बरसी पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रम करेगी। पार्टी आम लोगों के साथ-साथ युवाओं को जोड़ने पर फोकस करेगी। भाजपा आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों के जरिये नई पीढ़ी तक आपातकाल का खौफनाक सच पहुंचाएगी।

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने मंगलवार को बैठक कर कार्यक्रमों की तैयारियों के बारे में चर्चा की।

शिवराम सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी को आपातकाल के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय कैंपस, स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज में आपातकाल से जुड़े कार्यक्रम



केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बैठक की। अमृत विचार

**25** जून को विभिन्न कार्यक्रम करेगी पार्टी

आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पार्टी कार्यालय में आपातकाल के विभिन्न पहलुओं पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। संगोष्ठी में प्रोजेक्टर के माध्यम से टेलीफिल्म के द्वारा आपातकाल के दौरान की गई बर्बरता से लोगों को परिचित कराया जाएगा। जिलामंत्री अनुराग शुक्ला को संयोजक बना कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में सांसद, महापौर, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे।

## मुंबई, बेंगलुरु की फ्लाइट गई, दिल्ली की नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुधवार, शुक्रवार और रविवार को ही उड़ान भरेगी दिल्ली की फ्लाइट

**अमृत विचार।** कानपुर की हवाई सेवाएं ऊंचाईयों को नहीं छू पा रही हैं। कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला 186 सीटर विमान फुल जा रहा था, उसके बाद भी इसे प्रतिदिन से घटाकर सप्ताह में मात्र तीन दिन कर दिया गया है।

मंगलवार को दिल्ली-कानपुर के मध्य उड़ान भरने वाला विमान नहीं आया क्योंकि ये विमान बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उड़ान भरेगा। बेंगलुरु और मुंबई की फ्लाइट ने अपने निर्धारित समय पर मंगलवार को उड़ान भरी। मंगलवार को कानपुर एयरपोर्ट से मात्र दो विमान होने के कारण दिल्ली के यात्रियों की संख्या घट गई। कानपुर से विमान सेवाओं पर क्यों इतना बुरा असर पड़ रहा है, इसको लेकर शहरवासियों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों की लचर पैरवी के कारण ही ऐसा हो रहा है।

## मोहित जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश लेखलाप संघ में द्विवार्षिक चुनाव में मोहित सचान जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए जबकि संध्या सागर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, गगन कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सुजीत सिंह कुशवाहा जिलामंत्री, हर्षित जिला उप मंत्री, उमाकांत श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए जबकि आकांक्षा वर्मा जिला ऑडिटर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## भूकंप प्रतिरोधी डिजाइन की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी में भूकंप प्रतिरोधी डिजाइन अभ्यासों पर वर्कशॉप

**अमृत विचार।** आईआईटी में नेशनल इन्फॉर्मेशन सेंटर ऑफ अर्थक्वेक इंजीनियरिंग की ओर से आर्किटेक्चर के स्नातक छात्रों के लिए भूकंप प्रतिरोधी डिजाइन अभ्यासों पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। 18वीं राष्ट्रीय कार्यशाला को हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें 7 से 8 जून के बीच टेक्निकल लेक्चर ऑनलाइन करवाए गए। ऑफलाइन स्टूडियो सेशन 20 जून तक होगा। वर्कशॉप में देश के 9 संस्थानों से 6 सेमेस्टर पूरे कर चुके आर्किटेक्चर कार्यक्रम के 36 छात्रों ने भाग लिया।

ऑनलाइन सेशन के दौरान नई दिल्ली, जियो हैजर्ड्स के डॉ. हरि कुमार ने भूकंप के कारणों, मौलिक पारिभाषिक शब्दावली और भूकंप ग्राउंड मोशन जैसे विषयों की जानकारी दी। जोरहाट इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रो. अतनु के दत्ता ने इमारतों पर भूकंपीय भार को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर चर्चा की। आईआईईएसटी शिबपुर, हावड़ा की प्रोफेसर केया मित्रा ने भूकंप प्रतिरोधी संरचनात्मक प्रणालियों और भवन विन्यास पर जानकारी दी। पुणे, डॉ. बीएन कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर फॉर वुमन की प्रो. वासुदा गोखले ने इमारतों से संबंधित अतिरिक्त तत्वों के बारे में बताया। प्रोफेसर मीरा शिरोलकर ने बताया कि वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को एक आर्किटेक्चरल डिजाइन असाइनमेंट दिया जाएगा, इसमें उन्हें अपार्टमेंट्स, कार्यालयों, कॉम्प्लेक्स का डिजाइन तैयार करना होगा। प्रोफेसर प्रियंका घोष प्रो. वसुदा गोखले, सुजाता मेहता, मीरा शिरोलकर, प्रो.भावना विमावाला, नेहल देसाई,- डॉ. रुचिरा दास, प्रोफेसर शिरोलकर, प्रोफेसर चिन्मय कोले, प्रोफेसर सुधीर के. जैन, प्रोफेसर सीवीआर मूर्ति आदि थे।

## ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की तलाश में छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय, स्टॉलों पर खानापान की गुणवत्ता की भी जांच

**अमृत विचार।** ट्रेनों में बिना टिकट सफर कर रहे यात्रियों की तलाश में जीआरपी और आरपीएफ के सहयोग से रेलवे अधिकारियों ने छापेमारी की। कई यात्री बेटिकट मिले जिनसे जुर्माना वसूला गया।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह के निर्देश पर बेटिकट यात्रियों की धर-पकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। कई बेटिकट यात्रियों को चेकिंग दस्ते ने पकड़ा। कानपुर से दिल्ली, झांसी, उन्नाव, प्रयागरा की ओर जाने वाली गाड़ियों में सचल दस्ते ने जीआरपी और आरपीएफ की टीम के साथ वृहद चेकिंग अभियान चलाया जिससे हड़कंप मचा रहा। उधर झांसी रेल मंडल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चला।

**मंधना औद्योगिक क्षेत्र** — आवास विकास परिषद की आवासीय योजना 4 की बाधाएं भी दूर होंगी

# किसानों से मुआवजे की रार खत्म होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- यूपीसीडा के अधिकारियों, किसानों के साथ बैठक करेंगे एमएलसी अरुण पाठक
- विधान परिषद की प्रतिनिहित विधायन समिति की उप समिति के अध्यक्ष हैं अरुण पाठक

> यूपीसीडा और आवास विकास परिषद के अधिकारी किसानों के साथ बैठक कर चुके हैं। अब बुधवार को बैठक कर दोनों पक्षों की राय लूंगा। कोशिश होगी कि परियोजना की राह में जो भी बाधाएं हैं दूर हो जाएं।
> –अरुण पाठक एमएलसी

**अमृत विचार।** मंधना औद्योगिक क्षेत्र और आवास विकास परिषद की आवासीय योजना संख्या चार की स्थापना में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए बुधवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में बैठक होगी। इसमें आवास विकास परिषद, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के अधिकारी, किसान और विधान परिषद की प्रतिनिहित विधायन समिति की उप समिति के अध्यक्ष हैं अरुण पाठक शामिल होंगे। अरुण पाठक किसानों और अधिकारियों से बात करेंगे और दोनों ही परियोजनाओं की राह में जो बाधाएं हैं उन्हें दूर कराएंगे। किसान वर्तमान सर्किल रेट या बाजार रेट में जो अधिक हो उसका चार गुना मुआवजा मांग रहे हैं। परिषद चार गुना मुआवजा देने को तैयार है जबकि प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्णय लेना है कि वे क्या चाहते हैं।

प्राधिकरण ने 2008-2009 में मंधना के कुकरादेव, शादीपुर, विरतियान बिठूर, पचोर, भवानीपुर, बहलोलपुर, पेम, बगदौदी बांगर गांवों की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की थी। तब यहां इंटीग्रेटेड टाउनशिप बसाने का निर्णय लिया गया था। उस समय 801.603 एकड़ भूमि अधिग्रहीत होनी थी। प्रबंधन ने 6 अक्टूबर 2009 से 16 जुलाई 2011 के बीच 81 करोड़ रुपये मुआवजा बांटने के लिए भू अध्याप्ति विभाग को दिया था। मुआवजा राशि सात लाख रुपये प्रति बीघा निर्धारित हुई थी। मुआवजा बंटने के साथ ही 791.485 एकड़ भूमि पर कब्जा भी यूपीसीडा ने ले लिया था। 75 एकड़ भूमि का मुआवजा बंटने से पहले आंदोलन हो गया था। किसानों ने मौके पर कब्जा कर खेती शुरू कर दी थी और वे आज भी खेती कर रहे हैं। समिति ने इस समस्या के समाधान का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 18 जून को बैठक होगी। इसमें तय होगा कि किसानों को 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत चार गुना मुआवजा बांटा जाएगा या ट्रांसगंगा सिटी के तहत कुछ बढ़ा मुआवजा देकर विकसित भूमि भी दी जाएगी। इसी तरह आवास विकास परिषद के अधिकारी भी किसानों से बात करेंगे।

## सीएसए में शुरू हुई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तैयारी शुरू हो गई है। मंगलवार को कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन विश्वविद्यालय में मंगलवार को हुआ। योग प्रशिक्षक प्रेरणा अरोड़ा व राजेंद्र ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, शीतली और शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास भी कराया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, वैज्ञानिक व कर्मचारी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 245 मंडलों में एक साथ मनेगा योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर शहर में संगोष्ठियां होंगी। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अपने सभी मंडलों और जिलों में यह कार्यक्रम आयोजित करेगी। मंगलवार क्षेत्रीय मुख्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक कर अभियान संयोजकों एवं मॉनिटरिंग टीम की जिम्मेदारियां तय कर दीं। प्रकाश पाल ने बताया कि 19 से 20 जून तक क्षेत्र के सभी मंडलों में योग दिवस की पूर्व तैयारियों के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे। 21 जून को सभी 245 मंडलों में एक साथ योग दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों में संयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है। साथ ही, प्रत्येक मंडल स्तर पर भी संयोजक एवं सह-संयोजक नियुक्त किए




क्षेत्रीय मुख्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक की। अमृत विचार

- क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक कर जिम्मेदारी तय की

गए हैं जो योग दिवस के सफल संचालन हेतु जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि 23 जून को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठियों का आयोजन होगा। इन संगोष्ठियों में प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे इस योग दिवस के क्षेत्रीय संयोजक एवं अचल गुप्ता सह संयोजक बनाए गए है । बैठक में पूनम द्विवेदी, मोहित सोनकर, आलोक शुक्ला, पवन पांडे, ऋषभ शुक्ला, योगेन्द्र गुप्ता, पंकज गुप्ता, जितेंद्र सचान आदि मौजूद रहे।

# बिधनू थाने के सामने खड़े वाहनों में लगी आग से मचा हड़कंप

## कूड़े के ढेर में अज्ञात व्यक्त ने लगाई थी आग, चिंगारी ने वाहनों को अपनी चपेट में लिया

संवाददाता बिधनू


थाने के सामने जलते खड़े डंपर और डीसीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिधनू थाना परिसर के बाहर सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब हाईवे किनारे खड़े वाहनों में अचानक आग लग गई। इससे वहां पर अफरा तफरी मच गयी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, थाने के सामने तालाब किनारे खड़े दो ट्रकों में उस समय आग लग गई ,जब किसी ग्रामीण ने कूड़े के ढेर में आग लगा दी थी। कूड़े से उठी चिंगारी ने ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों ट्रक जलने लगे। कुछ ही देर में आग हाईवे किनारे खड़ी एक डीसीएम तक भी जा पहुंची।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग 45 मिनट बाद मौके पर पहुंच सकी। दमकलकर्मियों व बिधनू पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इस दौरान हाईवे पर दोनों ओर यातायात को करीब आधे घंटे तक रोकना पड़ा, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आगजनी की इस घटना में दो ट्रक और एक डीसीएम जलकर खाक हो गई है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल बिधनू पुलिस अब उस अज्ञात व्यक्ति की तलाश कर रही है जिसने कूड़े के ढेर में आग लगाई थी।


धू-धूकर जलती कार। अमृत विचार

### चलती कार में लगी आग, चालक सुरक्षित

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा तिर्मा गांव के पास मंगलवार दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगते देख चालक कार से सुरक्षित बाहर निकल आया। वहीं कार धू धूकर जल गई। पिपरगवां निवासी प्रापर्टी डीलर दीपक कुमार मंगलवार को कार से काम से साढ़ गए हुए थे। दोपहर को लौटते समय तिर्मा गांव के पास अचानक से उनकी कार के इंजन में आग लग गई। आग लगते ही दीपक ने कार रोकी और कार से निकलकर दूर खड़े हो गए। वहीं देखते ही देखते कार आग का गोला बनकर जलने लगी। जबतक दमकल की गाड़ी ने पहुंचकर आग को बुझाया, तबतक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई।

### गलत उपचार से बिगड़ी महिला की हालत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कंजती गांव में पेट दर्द होने पर झोलाछाप के पास पहुंची महिला का बिना जांच किए अबॉर्शन कर दिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पीड़िता को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित महिला के पति ने पुलिस में तहरीर देकर मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही है।

क्षेत्र के कंजती गांव निवासी सोनू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि बीती 1 जून को उसकी पत्नी प्रतिमा के पेट में दर्द शुरू हो गया। इसे दिखाने के लिए वह निकट के ही कांशीराम निवादा गांव निवासी एक झोलाछाप महिला के पास गया था। आरोप है कि झोलाछाप महिला ने बिना कुछ जांच किये अपनी दो अन्य महिला सहयोगियों की मदद से पत्नी का अबॉर्शन कर दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी, जब मेरी पत्नी की हालत बिगड़ी तो उसने अपने हाथ खड़े कर दिये। हालत ज्यादा बिगड़ने पर वह पत्नी को उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां पर उपचार के दौरान उसके 2 लाख रुपये खर्च हुए। इतना ही नहीं गलत उपचार से पत्नी की जान जाते जाते बची । बताया कि इलाज में खर्च हुआ पैसा मांगने पर उक्त झोलाछाप उसे चोरी के केस में फंसाने की धमकी दे रही है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मामले में जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।


बनने से पहले ही टूटी पड़ी सड़क को देखते ग्रामीण। अमृत विचार

# बनने से पहले ही टूटने लगी सड़क

संवाददाता बिल्हौर

- ग्रामीणों ने घटिया सामग्री का प्रयोग करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** नानामऊ जिला पंचायत क्षेत्र में गंगा किनारे स्थित शिवपुरी (संजती बादशाहपुर) गांव में जिला पंचायत द्वारा निर्माणाधीन सड़क के एंगिंग (किनारे) का हिस्सा बनने से पहले ही टूटना शुरू हो गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का गंभीर आरोप लगाया है।

शिवपुरी (संजती बादशाहपुर) गांव में जिला पंचायत के मद से एक नई सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। अभी यह सड़क पूरी तरह से बनी भी नहीं है कि इसके किनारे (एंगिंग) कई जगहों से टूटते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनाने में इस्तेमाल की जा रही ईंटें और सीमेंट बेहद निम्न गुणवत्ता की हैं, और निर्माण कार्य में गुणवत्ता बिल्कुल भी ध्यान नहीं रख जा रहा है। गांव के एक निवासी धीरेन्द्र दीक्षित ने बताया, हमें खुशी थी कि हमारे गांव में नई सड़क बन रही है, लेकिन जिस तरह से इसका निर्माण हो रहा है, उसे देखकर लगता है कि यह कुछ ही महीनों में पूरी तरह से जर्जर हो जाएगी। ठेकेदार द्वारा घटिया ईंटें और मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। हमने कई बार मजदूरों और मुंशी से मामले की शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक अन्य ग्रामीण सुनीता देवी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तो सड़क पूरी भी नहीं हुई है और टूटनी शुरू हो गई है। यह सीधे-सीधे सरकारी धन की बर्बादी है। संबंधित अधिकारियों को इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

इस संबंध में जब जिला पंचायत के संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जिला पंचायत अध्यक्ष से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराने को कहा।

एई जिला पंचायत कानपुर सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि सड़क निर्माण मामले में घटिया सामग्री के प्रयोग होने की जानकारी मिली है ,बिना पुख्ता जांच के फर्म को भुगतान नहीं किया गया। मानक के अनुसार यदि सड़क नहीं बनती है तो फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी कराया जाएगा।


दुर्घटनाग्रस्त खड़ा डंपर। अमृत विचार

# ट्राला-डंपर की आमने सामने भिड़ंत में एक ड्राइवर गंभीर

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में सजेती थाना क्षेत्र में डंपर और ट्राला की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इससे डंपर की केबिन के परखचे उड़ गए और हादसे में दोनों डंपर चालक घायल हो गये । सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे डंपर चालक को निकाल कर सीएचसी पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने उसे कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सजेती थाना क्षेत्र के कस्बा सजेती में डंपर व ट्राला की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हमीरपुर जिले के कोरारा थाना क्षेत्र के रिठौरा गांव निवासी देवी सिंह अपने साथी क्लीनर धर्मेंद्र के साथ डंपर में मौरंग लादकर कानपुर की ओर जा रहा था, जैसे ही वह डंपर लेकर कानपुर सागर हाईवे पर स्थित गुजेला गांव के पास पहुंचा ही था कि तभी घाटमपुर की ओर से जा रहे ट्राला से आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी, कि डंपर के केबिन के परखचे उड़ गए। वहीं दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में डंपर चालक देवी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनएचआई की एंबुलेंस से घायल को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर चालक देवी सिंह को गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। वाहनों को किनारे करवाकर हाईवे पर यातयात बहाल कराया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बजबजाती नालियां दे रहीं बीमारियों को न्योता

संवाददाता बिठूर

- कल्याणपुर विकासखंड के शिवा विहार गांव का मामला


बजबजाती नाली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कल्याणपुर विकासखंड के परगाई बांगर ग्राम पंचायत के शिवा विहार गांव में बीते कई वर्षों से टूटी हुई नलियां और गांव का पानी मुख्य नाले के ना होने से बाहर नहीं जा पा रहा है, जिससे पानी घरों के बाहर की नलियों में ही भरा रहता है नलियों की स्थिति ऐसी है कि जरा सी बारिश होते ही पानी घरों के अंदर जाने की कगार पर होगा। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जीटी रोड पर हाईवे निर्माण के समय मुख्य नाला क्षतिग्रस्त हो गया था ,जो कि आज तक नहीं बन सका है। गांव का पानी पीछे बने एक तालाब तक जाता था वो भी टूटी नलियों के कारण नहीं निकल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने जलभराव के संबंध में आला अधिकारियों को भी पत्र लिखकर अवगत कराया लेकिन अभी तक किसी का ध्यान इस तरफ नहीं गया। टूटी नलियों में भरे जल से कई प्रकार की बीमारियों के पनपने की संभावना है । पिछले वर्ष लोग बीमारियों की मार झेल चुके है, मानसून की बारिश अभी शुरू नहीं हुई है परन्तु लोगों में भय अभी से बना हुआ है ।

लोगों में आक्रोश है कि जबसे एनएचआई ने हाईवे निर्माण का काम किया है तब से हाईवे तो चमक गए लेकिन आम जनता की मुसीबतें किसी को दिखाई नहीं दे रहीं पुराना नाला अगर कच्चा ही बनवा दिया जाता तो पानी भरने जैसी समस्या का सामना न करना पड़ता। ग्रामीणों ने बताया कि पुरानी नालियां लगभग 10 वर्ष पूर्व बनवाई गई थी ,जो कि अब टूटकर खराब हो चुकी हैं।


चोरी की घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# चोरों ने स्कूल से उड़ाये पंखे इनवर्टर और खेल का सामान

संवाददाता बिल्हौर

- मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** बिल्हौर विकासखंड के चंपतपुर गांव स्थित परिषदीय विद्यालय में चोरों ने सोमवार की रात को धावा बोला। चोर विद्यालय के सभी कमरों से 11 पंखे, इनवर्टर, बैटरी, खेल का सामान, मैथ किट, लोहे का पाइप और स्टार्टर सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। शिक्षकों को मंगलवार सुबह विद्यालय पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश में 16 जून से परिषदीय विद्यालयों में विभागीय कार्य निपटाने के लिए शिक्षकों का आना-जाना शुरू हो गया है। सोमवार को प्रथम दिवस पर शिक्षकों ने विद्यालय की साफ-सफाई की थी। विद्यालय के अध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि देर रात चोरों ने विद्यालय में घुसकर कमरों के दरवाजों के कुंडे काट दिए और अंदर रखे सभी सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो कमरों के टूटे ताले और बिखरा हुआ सामान देखकर उनके होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। इस घटना से विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

## मारपीट में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन के मनांवा गांव में मामूली विवाद को लेकर 12 जून की देर रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें कई लोग घायल हो गये। वहीं चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मनांवा गांव के गोपाल अवस्थी ने पुलिस को बताया कि गांव के शैलेंद्र सिंह, हरनरायन सिहं ,अजय सिंह, सुनील सिंह, कुल्हाड़ी व लाठी लेकर अकारण ही मारपीट करने लगे। उसने बताया कि विवाद किसी और से हो रहा था लेकिन आरोपीगणों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें मेरी सोने की चेन भी गिर गई मामले में गोपाल अवस्थी की तहरीर रिपोर्ट चारो लोगो के विरुद्ध मुकादमा दर्ज किया ग़या है।

वहीं दूसरे पक्ष के हरनरायन सिंह ने बताया कि मामले में उनकी घर की महिलाओं के साथ मारपीट की गई और उनके साथ झीना झपटी भी हुई है लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर कोई कार्यवाही नहीं की तथा उल्टा शांति भंग में कार्रवाई की गई । थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी

## मिश्रिख सांसद के फर्जी पत्र पर शुरू हो गयी जांच, कमेटी भी गठित

**कानपुर।** मिश्रिख सांसद अशोक रावत के फर्जी पत्र पर कानपुर नगर के सरकारी पार्क में भू माफिया द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण की जांच शुरू हो गई। पत्र के आधार पर शासन ने दो सदस्यसीय कमेटी का भी गठन कर दिया।

मंगलवार को जब इसकी जानकारी खुद मिश्रिख सांसद को हुई तो उन्होंने नया पत्र जारी कर के पुराने पत्र का खंडन कर दिया ।दरअसल दिशा कानपुर नगर की बैठक का हवाला देते हुए संसद के फर्जी लेटर पेड पर पार्कों पर अवैध कब्जो की जांच के लिए कहा गया था। यह पत्र मई के आखिरी सप्ताह में जारी किया गया।

नगर विकास को भेजे गए पत्र के आधार पर शासन कि ओर से दो सादसीय कमेटी का गठन कर दिया गया। मामले कि जानकारी जब मिश्रिख सानाद को हुई तो उन्होंने मंगलवार को नया पत्र जारी कर पत्र व उसपर हुए हस्ताक्षर को गलत बताया और कमेटी को तत्काल भंग करने के लिए कहा है।

**दिशा-निर्देश** आयोजित होने वाले शिविरों में दिव्यांगजनों की समस्याओं का किया जायेगा निदान

# हर ब्लाक में दिव्यांगजनों के लिए लगेंगे शिविर : सीडीओ

संवाददाता बिल्हौर


मातहतों को दिशा -निर्देश देतीं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर नगर में दिव्यांगजनों के पुनर्वास और समस्याओं के निदान के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दिव्यांगजनों के लिए बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगता की पहचान कर उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों में जन्मजात और सामान्य दिव्यांगता की पहचान की जाएगी। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में इनका पंजीकरण कर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे। इन कार्यों की जिम्मेदारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायतराज अधिकारी और जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी/जिला युवा अधिकारी को सौंपी गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि आवश्यकतानुसार दिव्यांगजनों को चिन्हित कर उन्हें उपयुक्त चिकित्सा सुविधा दी जाये।

### शिविरों का विस्तृत कार्यक्रम

आगामी जून और जुलाई 2025 में विभिन्न विकास खंडों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इनमें प्रमुख तिथियां और स्थान इस प्रकार हैं :

- 24 जून 2025 : विकास खंड परिसर शिवराजपुर
- 27 जून 2025 : विकास खंड परिसर सरसौल
- 01 जुलाई 2025 : विकास खंड परिसर घाटमपुर
- 11 जुलाई 2025 : विकास खंड परिसर भीतरगांव
- 15 जुलाई 2025 : विकास खंड परिसर बिल्हौर
- 19 जुलाई 2025 : विकास खंड परिसर चौबेपुर
- 22 जुलाई 2025 : विकास खंड परिसर बिधनू
- 25 जुलाई 2025 : विकास खंड परिसर कल्याणपुर

# शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना ही नहीं : चंपत राय

कार्यालय संवाददाता उरई


प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करते विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बृज कुँवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एडमिन ब्लॉक का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष महामंत्री चंपत राय ने मुख्य अतिथि के रूप में विधिवत रूप से उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिये, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझना और उन्हें निभाना होना चाहिये। उन्होंने स्कूल द्वारा बालकों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

प्रबंधक अजय कुमार इटोरिया ने बताया कि यह नया प्रशासनिक भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में गति और पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद, जिला महामंत्री तेजस सहित अरविंद गुप्ता नगर अध्यक्ष राघवेन्द्र परिहार, राजेश निगोतिया राजेश चन्द्र प्रवीण गुप्ता, रवि इटोदिया, उप निदेशक सुविधा इटोरिया , राजेश सिंह ,उप प्रधानाचार्य आशीष तिवारी डा अनुज भदौरिया पुरुषोत्तम पुरवार शिव शर्मा गोविंद के के गुप्ता सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# शाम को बरसे मेघा तो खिल उठे तपिश से मुरझाए चेहरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**39** डिग्री सेल्सियस के करीब रहा तापमान

- दिन भर की तपिश के बाद शाम को बारिश से मिली राहत
- 22 जून तक तेज हवा के साथ बारिश की जताई संभावना

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से जूझ रहे जनपदवासियों को मंगलवार शाम बारिश होने से कुछ राहत मिली। फिलहाल मौसम विभाग ने 22 जून तक तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

मंगलवार सुबह से लेकर दोपहर तक चिलचिलाती धूप निकलने से लोग बेहाल रहे। जिससे अधिकतम तापमान बढ़कर 38.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, तो सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक था। दोपहर में धूप इतनी तल्ख थी कि लोगों को आग सी तपन महसूस हुई और बदन झुलस सा गया। उमस ने पसीना-पसीना कर दिया।


बरसात का मजा लेते बच्चे।


अकबरपुर अंडरपास चौराहे पर बारिश के बीच गुजरते वाहन। अमृत विचार

दोपहर बाद आसमान में बादल घिर आए और अकबरपुर, रनियां, बारा, जैनपुर, लालपुर समेत कई हिस्सों में तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई, जिससे तापमान में कुछ नरमी आई। इसके बाद शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर करीब आधे घंटे तक होती रही, जिससे भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। देर रात तक आसमान में बादल छाए रहे। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने 22 जून तक तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। जिसके चलते भीषण गर्मी में बेहाल जिलेवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### तेज हवा और बारिश से बिजली हुई बेपटरी

तेज हवाओं व बारिश के चलते जिले में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। मंगलवार की शाम तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू होते ही जिला मुख्यालय के अकबरपुर कस्बा समेत आसपास क्षेत्र व अन्य जगहों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिसके चलते लोगों को करीब एक घंटे तक दिक्कत उठानी पड़ी। करीब छह बजे के बाद हवाओं की गति कम होने पर अकबरपुर में फिर से आपूर्ति बहाल हुई तो राहत मिली। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में देर शाम तक बिजली बेपटरी रही।

### किसानों को फसल सहेजने की सलाह, अभी बुआई न करें

सीएसए कानपुर के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 22 जून तक होने वाली तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना पर किसानों को एडवायजरी जारी की है। जिसके अनुसार किसान खेत में खड़ी फसलों की सिंचाई एवं खरीफ फ़सल मक्का, तिल, अरहर, मूंगफली आदि की बुआई का कार्य स्थगित रखें। अत्यधिक बारिश होने पर खेत से जल निकास का उचित प्रबंध करें। वहीं परिपक्व फ़सलों की कटाई एवं खेत में कटी हुई फसलों की मड़ाई कर दानों को सुरक्षित स्थान पर संरक्षित करें।

**शिवली में भी मौसम हुआ सुहाना:** मंगलवार देर शाम एकाएक तेज हवा के साथ बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से भीषण गर्मी से भी लोगों को निजात मिली। इधर धान की बेल को भी पानी से फायदा होने की उम्मीद किसानों ने जताई है। देर शाम तक आसमान में बादल छाए। जिससे किसानों व गर्मी से बेहाल लोगों को झमाझम बारिश की आस लगी रही।

# डिवाइडर से भिड़ गई बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, सिकंदरा

- सिकंदरा में पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा
- सिकंदरा कस्बे के राजेंद्र नगर से निकला था बाइक सवार

**अमृत विचार।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के सूर्या पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की शाम बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी सिकंदरा से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सिकंदरा कस्बे के राजेंद्र नगर के रहने वाले कमल कुमार (40) मंगलवार की शाम बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। वह जैसे ही सिकंदरा क्षेत्र के सूर्या पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा, तभी बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक फिसलकर गई और बाइक सवार कमल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां हालत चिंताजनक देखते हुए उसे अकबरपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे एसआई चरण सिंह ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भतीजे राखी ने बताया कि चाचा कमल की शादी नहीं हुई थी। थाना प्रभारी तबारक अहमद ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीती 5 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि रसूलाबाद थाना क्षेत्र के रजपुरवा उसरी बिलहा निवासी आकाश उनकी नाबालिग पुत्री को जबरन कहीं ले गया है। पुलिस ने नाबालिग को बीती 16 जून को बरामद कर लिया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई थी। मंगलपुर थाने के एसआई शशिकांत यादव ने बताया कि मामले में वांछित अभियुक्त आकाश को क्षेत्र के बहवलपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा, भेजा गया जेल

**शिवली।** पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर बाघपुर चौकी पुलिस ने ककरदही के वारंटी रोहित व श्रीकिशन को गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनो लोगों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# ट्रक चालक से लूट में 5 वर्ष की कठोर सजा

## सजेती क्षेत्र में 11 साल पहले ट्रक चालक को पीटकर की थी लूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- चकरपुर मंडी से आलू लाद कर मौदहा जा रहा था ट्रक
- लूटपाट के दौरान पुलिस ने एक लुटेरे को दबोचा था

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र में हमीरपुर रोड पर करीब 11 साल पहले ट्रक रोककर चालक से मारपीट कर लूटपाट के मामले में एंटी डकैती कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी ने बताया कि हमीरपुर जनपद के कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ट्रक चालक रामकृपाल ने सजेती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 5 मार्च 2014 को कानपुर नगर की चकरपुर मंडी से ट्रक पर आलू लादकर मौदहा जा रहा था। रात करीब साढ़े 12 बजे जब वह हमीरपुर रोड पर सजेती क्षेत्र के जवाहर नाला के पास पहुंचा, तभी पीछे से सफेद रंग की बोलेरो कार पर सवार तीन लोगों ने ट्रक को ओवरटेक कर रुकवा लिया और गाड़ी में घुसकर मारपीट करते हुए रुपये छीनने लगे।

साथी क्लीनर सचिन ने शोर मचाया तो गश्त कर रहे पुलिस कर्मी मौके पर आ गए और घेराबंदी कर एक लुटेरे को दबोच लिया, जो हमीरपुर के रमेड़ी का रहने वाला वाहिद था। उसके पास अवैध असलहा भी मिला था। मौदहा निवासी उसके दो साथी विक्रम सिंह व मोनू फरार हो गए थे। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरे के खिलाफ लूट व शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा था। साथ ही विवेचना कर उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।

इस मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट की न्यायाधीश पारुल श्रीवास्तव की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने आरोपी वाहिद को दोषी करार देते हुए उन्हें पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# कंटेनर लूट व चालक की हत्या में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 22 मई को सिहुरा गांव के पास जंगल में हुई थी घटना
- दो आरोपी पहले ही जा चुके जेल, चौथे की तलाश तेज

**अमृत विचार।** सिकंदरा क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व टायर लदे कंटेनर लूट व चालक की हत्या कर जलाकर हत्या के मामले में पुलिस ने एक और वांछित को गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व में दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

अमराहट थाना क्षेत्र के बीहड़ पट्टी के सिहुरा गांव के पास जंगल में बीती 22 मई को कंटेनर में लदे टायरों की लूट के बाद आग लगाने व चालक की हत्या कर उसी में जलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। छानबीन के दौरान शिवकुमार व रामजी निवासीगण ग्राम सिहुरा थाना अमराहट, अभय यादव निवासी ग्राम चैन पुरवा थाना सचेंडी जनपद कानपुर नगर व रामप्रकाश निवासी सिहुरा के नाम सामने आए थे। जिसमे से शिवकुमार व अभय यादव को पुलिस ने 30 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

तीसरे आरोपी रामप्रकाश को गोपाल महाविद्यालय महटौली सिहुरा रोड के पास से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से लूट के दो टायर भी बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। वहीं चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## सार-संक्षेप


लोगों को उपलब्धियों व योजनाओं के पंपलेट देते राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल।

### सरकार की नीतियों से भारत विश्व के लिए रोल मॉडल

**राजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के सिलहरा गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की मंडल इकाई की ओर से सेवा–सुशासन, गरीब कल्याण जन चौपाल लगाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को लेकर भाजपा सरकार जनता की सेवा कर रही है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। भाजपा के राजपुर मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण ही आज भारत विश्व के लिए रोल मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रहने वाले गरीब, निर्धन और हर तबके के लोगों में खुशहाली आई है। समाज के अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार किसानों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अमित निरंजन ने सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी।


क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते औनहां व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### बैंक प्रबंधक की अभद्रता से व्यापारी खफा, जांच का भरोसा

**शिवली।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय नबीपुर में क्षेत्रीय प्रबंधक तेजपाल सिंह को औनहां व्यापार मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी की अगुवाई में व्यापारियों और ग्रामीणों ने अभद्र आचरण व काम लटकाए रहने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा था। क्षेत्रीय प्रबंधक ने व्यापारियों की इस शिकायत पर जांच कराए जाने की बात कही है। व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि शाखा प्रबंधक औनहां के व्यापारियों और आम–जनमानस के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते है। साथ ही लालच में काम भी लटकाए रहते हैं। ग्रामीण सरमन कुमार, अजय कुमार, प्रगुण शुक्ला, धीरू अवस्थी, आशुतोष त्रिवेदी आदि ने क्षेत्रीय प्रबंधक को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि शाखा प्रबंधक मनमाने ढंग से काम करते है। साथ ही अभद्र आचरण करते हैं। जिससे व्यापारियों व ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक तेजपाल सिंह ने बताया कि व्यापारियों ने कई बिंदुओं पर शिकायत की है। जांच कराई जाएगी। जांच में सही तथ्य पाए जाने पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दो हादसों में अधेड़ और युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अकबरपुर और डेरापुर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अधेड़ व एक युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने छानबीन की।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के पुर गांव निवासी शैलेंद्र (35) मुक्तापुर के पास एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह वह गांव से भट्ठे जा रहा था। कानपुर-इटावा हाईवे पर मुक्तापुर के पास डंपर उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। राहगीरों की सूचना पुलिस ने मेडिकल कालेज भेजा जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

उधर, डेरापुर क्षेत्र के थनवापुर पंजाबी ढाबा के सामने प्रयागराज से दिल्ली जा रही ईको गाड़ी ने अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे साइकिल सवार बाणेश्वर दिवाकर (55) को जोरदार टक्टर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें मुंगीसापुर निजी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया गया। यहां ईएमओ ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से पत्नी रेखा देवी, बेटा मोहित, बेटी सुमन, रोशनी, रेशमा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थाना प्रभारी महेश कुमार ने कहा कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# जबरन कुलाबा रखने का आरोप

**कानपुर देहात।** शिवली कोतवाली क्षेत्र के भऊवापुरवा निवासी अच्छेलाल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी गांव में नहर किनारे आराजी संख्या 673 जमीन है।

आरोप है कि गांव के अराजक लोग राजनीति वश उसकी जमीन पर एक मीटर चौड़ा कुलावा जबरन रखवा रहे हैं। जबकि सिंचाई विभाग ने कुलावा रखने से मना कर दिया है। इसके बावजूद अराजक लोग जनप्रतिनिधि के माध्यम से दबाव बनाकर मनमानी करने पर आमदा हैं। पीड़ित ने बताया कि कुलावा रखने से उसकी पूरी फसल नष्ट हो जाएगा। जबकि खेत के अलावा उसके पास परिवार के भरण-पोषण करने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। वहीं कुलावा से अन्य किसानों की भी फसलों के बर्बाद होने की आशंका है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# एटीएम में रुपये फंसाकर जेब भरने वाले दो शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एटीएम में प्लेट लगाकर फंसाते थे रुपये, अकबरपुर में धरे गए

**अमृत विचार।** अकबरपुर पुलिस ने बैंक एटीएम से छेड़छाड़ कर ग्राहकों के पैसे निकालने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो मोबाइल, एटीएम कार्ड, फेवी क्विक, चाकू, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार के मुताबिक आंबेडकर नगर वार्ड के एतशान अली ने फोन कर बताया कि दो संदिग्ध माती रोड पर एसबीआई एटीएम में छेड़छाड़ कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों कानपुर कमिश्नरेट के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के सेनपूरा पारा के रहने वाले अनीश कुशवाहा व अजीत कुशवाहा हैं। तलाशी लेने पर उनके पास से दो मोबाइल, दो एटीएम कार्ड, दो प्लास्टिक प्लेट, दो फेवीक्विक, एक कटर चाकू, एक वायरलेस हैंड फ्री इयरबड व 11 हजार 400 रुपये बरामद हुए।


पुलिस की हिरासत में दोनों शातिर।

पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह दोनों एटीएम में छेड़छाड़ कर ग्राहकों का पैसा काफी समय से निकालते आ रहे है। वे एटीएम में रुपये निकलने वाली जगह पर एक प्लास्टिक की प्लेट चिपका देते हैं। जब ग्राहक पैसे निकालने आता था, तो उसके रुपये एटीएम में निकालने वाली जगह पर फंस जाते थे। जब ग्राहक रुपये न निकलने पर चले जाते तो चिपकाई गई प्लेट को हटाकर फंसे रुपये निकाल लेते थे। बताया कि 15 जून को दोनों ने औरैया जिले के दिबियापुर में एसबीआई की एटीएम में एक प्लेट चिपका कर एक ग्राहक के 10 हजार रुपये निकाले थे। सोमवार को दोनों कानपुर जा रहे थे। अकबरपुर पुल के पास उतरे और एसबीआई के एटीएम में गए। वहां रुपये निकलने वाली जगह पर एक प्लेट चिपका रहे थे। इसी दौरान लोगों ने पकड़ लिया। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

**हिदायत** डीएम ने पांच करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

# सड़क निर्माण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने पांच करोड़ रुपये से अधिक लागत की लोक निर्माण विभाग की निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की मोटाई, गुणवत्ता व जलनिकासी की व्यवस्था देखी और एक्सईएन को लापरवाही में कार्रवाई की चेतावनी दी।

मंगलवार को डीएम ने चांदपुर-मलासा, देवीपुर-कैलई, बरौर-बलिहारामऊ व बढ़ौली-मुंगीसापुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृणीकरण की गुणवत्ता व प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की मोटाई, गुणवत्ता और जल निकासी की व्यवस्था की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


निर्माणाधीन सड़क का मंगलवार को निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह, साथ में विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाए और इसके लिए विभागीय जवाबदेही तय की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए, जिससे आमजन को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस मौके पर मुख्य अभियंता राम गंगा नगर कानपुर राजेंद्र जैन, अधिशाषी अभियंता हेमन्त कुमार सिंह, एसडीएम भोगनीपुर जितेंद्र कटियार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आईटीआई में 21 को रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** अकबरपुर आईटीआई के प्रधानाचार्य ने बताया कि 21 जून को रोजगार मेला लगेगा, जिसमें एक्सीलेंस एचआर कंसलटेंट की तरफ से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड समेत अन्य अधिष्ठान प्रतिभाग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सुजुकी मोटर गुजरात के लिए अभ्यर्थी हाईस्कूल में 40 प्रतिशत व आईटीआई में 50 प्रतिशत के साथ 18 से 26 वर्ष आयु के होने चाहिए। शारीरिक रूप से फिट होना चाहिए। मेले में फिटर, वेल्डर, मशीनिस्ट, टर्नर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, पेंटर, वायरमैन पीपीओ, शीट मेटल, टूल एंड डाई मेकर, ऑटोमोबाइल के पास आउट अभ्यर्थियों को 24550 रुपये मासिक स्टाइपेंड व 18300 रुपये इन हैंड स्टाइपेंड दिया जाएगा। कंपनी कैंटीन, यूनिफॉर्म, जूते एवं मेडिकल की सुविधा देगी।

# शिक्षकों को तबादले का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सरप्लस शिक्षकों का जिले में ही होगा स्वैच्छिक समायोजन
- जनपद में ही सामान्य तबादले का दिया गया एक अवसर
- अब 29 जून तक शिक्षक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को स्वेच्छा से जनपद के अंदर (अंतःजनपदीय) स्थानांतरण/ समायोजन कराने के लिए आदेश जारी कर दिया गया है। हालांकि इन शिक्षकों को सात साल बाद जनपद के अंदर सामान्य तबादले का अवसर मिलेगा।

जिले के अंदर शिक्षकों के स्वैच्छिक समायोजन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का समय 25 जून से बढ़ाकर 29 जून दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 जून तक जमा करनी होगी। इसके बाद 3 जुलाई को साफ्टवेयर के माध्यम से स्थानांतरण सूची जारी की जाएगी और इसी दिन शिक्षकों को कार्यमुक्त भी कर दिया जाएगा।

परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने इसके लिए समय सारिणी जारी कर दी है। स्वेच्छा से जिले के अंदर स्थानांतरण किए जाने की मांग शिक्षक कई वर्षों से कर रहे थे।

आदेश के अनुसार मानक से अधिक अध्यापक वाले प्रत्येक विद्यालय के सरप्लस शिक्षकों की संख्या व अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालय में रिक्ति पदों की संख्या पोर्टल पर ऑनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। विद्यालय में आवश्यकता से अधिक कार्यरत शिक्षक स्वेच्छा से अध्यापक की आवश्यकता वाले अधिकतम 10 विद्यालयों का विकल्प दे सकेंगे। पोर्टल पर प्रदर्शित विद्यालयों में से कम से कम एक विकल्प दिया जाना अनिवार्य होगा। विकल्प नहीं भरने वालों का आवेदन स्वतः निरस्त माना जाएगा। इसमें शिक्षक-छात्र का अनुपात मानक के अनुरूप रहने तक स्थानांतरण किए जाएंगे। साफ्टवेयर के माध्यम से कार्यरत जनपद में वरिष्ठता (जनपद में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से) के आधार पर वरीयता क्रम में दिए अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों के विकल्पों के आधार पर स्थानांतरण किए जाएंगे।

शिक्षकों के आवेदन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्यापित करेंगे। जनपद में नियुक्ति की तिथि समान होने की दशा में अधिक आयु वाले शिक्षक को वरीयता दी जाएगी तथा आयु भी समान होने पर शिक्षक के अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में लाभ दिया जाएगा। यू-डायस पोर्टल पर उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर नियमानुसार छात्र-शिक्षक अनुपात की गणना करते हुए शिक्षक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिह्नित कर 20 से 24 जून तक सूची ऑनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। इसी के अनुरूप शिक्षक आवेदन कर सकेंगे।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

- प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया जा रहा एक दिवसीय प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र. प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणों में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को पहले चरण के सत्र की शुरुआत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने इसमें प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया।

नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे।


लखनऊ में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम हों शामिल

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, जिन बूथों में जेंडर रेशियो कम है, उनका चिन्हांकन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने का काम नियमानुसार किया जाए।

### बीएलओ सुपरवाइजर्स हो चुके हैं प्रशिक्षित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून में पांच चरणों में राज्य के एक जिला से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग द्वारा अंतिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

## एक नजर

### ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग की नई योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। यीडा ने सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन करके मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया है। निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी निवेश मित्र और यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने परखी बैठक की तैयारी, दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे, यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यूपी समेत चार प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे। योगी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा बैठक के संबंध में की गयी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

# हर जिले में बनेंगे योग पार्क

## जिलाधिकारियों से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव मांगे

- योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से तैयार की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में योग पार्क स्थापित करने जा रही है। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्कों को चिन्हित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजें। इन पार्कों को स्वच्छ, हरे-भरे और शांत वातावरण में विकसित किया जाएगा, जहां लोग नित्य योगाभ्यास कर सकें। ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जो सार्वजनिक पहुंच में हों और जहां आसपास के नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा आसानी से एकत्र होकर सामूहिक रूप से योग कर सकें। इन योग पार्कों में योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था, ओपन जिम, विश्राम स्थल, शुद्ध जल और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

दरअसल, राज्य सरकार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को पूरे सप्ताह सामाजिक और प्राकृतिक चेतना पर्व के रूप में मनाएगी। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी और पर्यावरण की सुरक्षा को दो प्रमुख लक्ष्य बनाये गये हैं। शासन की मंशा है कि, योग सप्ताह के इन आयोजनों से नई पीढ़ी में अनुशासन, स्वास्थ्य और प्रकृति-प्रेम की भावना को नया बल मिले। इसके अलावा, इन गतिविधियों के जरिए स्थानीय निकाय, शैक्षिक संस्थान और सरकारी महकमे योग से सामाजिक चेतना की दिशा में आगे बढ़ें।

### मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। करेगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रफ्तार के साथ सुरक्षा के भी होंगे इंतजाम

- यात्री सुरक्षा को 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन व 1 हाइड्रा होगी तैनात
- 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में प्रमुखता से शुमार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ सुरक्षा भी देगा। 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। आने वाले दिनों में यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा।

उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय बताते हैं कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग 8-8 घंटे के शिफ्ट में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। हर 45 किमी पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस, क्रेन व एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

### बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है। अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं।

# विमान हादसे के पीछे निजीकरण तो नहीं

## अखिलेश बोले- अयोग्य लोगों को दी जा रही जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर सवाल उठाते हुए सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा मांगा है। मंगलवार को सपा मुख्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन विमान दुर्घटना में लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है। नौकरियां दे दी हैं। आज तमाम तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों में यात्राओं को लेकर डर पैदा हो गया है।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए कोई फार्मूला नहीं, बल्कि एक भावनात्मक गठबंधन है। इसमें भाजपा सरकार से सभी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग शामिल हैं।


लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

### बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी समिति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति निजीकरण के साथ बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी। समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रबंधन उपभोक्ताओं की जेब काटने पर आमादा है। यह भी आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में हजारों कार्मिकों का स्थानांतरण करके बिजली व्यवस्था बेपटरी करना चाहता है। विभिन्न स्थानों पर हुई सभा में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों में बेतहाशा बढोतरी का प्रस्ताव देकर संघर्ष समिति के आरोपों की पुष्टि कर दी है।

# जेवर एयरपोर्ट का शेष निर्माण समय से करें पूरा

- मुख्य सचिव ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल जेवर एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर सक्रियता तेज कर दी गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा की जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। इससे पहले मुख्य सचिव ने मंगलवार को जेवर स्थित निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तृत जानकारी हासिल की।

बैठक के बाद मुख्य सचिव ने एटीसी बिल्डिंग, टर्मिनल भवन, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पथवाया नाला एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

# पिता को भगोड़ा घोषित करें महाराष्ट्र के डीजीपी : हाईकोर्ट

## आदेश के बावजूद बच्चे को पेश न करने पर कोर्ट सख्त, कहा- संपत्ति कुर्क करने की करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बच्चे के पिता को भगोड़ा घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करें। कोर्ट के आदेश के बावजूद पिता अपने दो वर्ष आठ माह के बेटे को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहा है। कोर्ट ने यह आदेश बच्चे की मां द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संदर्भ में पारित किया है। कोर्ट ने पुणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी आदेश दिया है कि वह आदेश के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति डीजीपी, महाराष्ट्र और सीजेएम, पुणे को भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने बच्चे की मां की याचिका पर पारित किया। याचिका में मां ने कहा कि बच्चा अभी शैशव अवस्था में है। उसकी देखभाल मां ही कर सकती है, लेकिन पिता ने बच्चे को उसकी वैध अभिरक्षा से छीन लिया है। मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। मामले पर पिछली सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने पिता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद वह कोर्ट में उपस्थित भी हुआ, लेकिन बाद में अदालत से बचता रहा। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद वह बच्चे को प्रस्तुत नहीं कर रहा है। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र डीजीपी और सीजेएम पुणे को निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र प्रतिवादी संख्या 4 (पिता) के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 तथा बीएनएसएस की धारा 84 और 85 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करें। सुनिश्चित करें कि अगली तिथि पर वह इस कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो। पिछली सुनवाई पर भी कोर्ट ने पिता के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पिता मूलतः अयोध्या का निवासी है। हालांकि वर्तमान में पुणे में रह रहा है। वहीं पुणे पुलिस की एक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि पिता लापता है, जिससे वारंट तामील नहीं हो सका।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | | | 2 शे | |
| | | | 3 कु | शे | श | य |
| | 4 उ | | रे | | वी | |
| | ल | | द | | | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | | | कुं |
| | फे | | | | | च |
| 7 वा | र | ना | | 8 नै | ति | क |

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13.34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष:** आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

**वृष:** आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

**मिथुन:** आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।

**कर्क:** आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।

**तुला:** आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

**वृश्चिक:** आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।


**धनु:** आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ:** आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12.23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई

यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# करंट लगने से महिला की गई जान

## बेटी के पुलिस में चयनित होने के बाद घर में चल रही थी पार्टी

संवाददाता, औरास उन्नाव

**अमृत विचार:** पुलिस की ट्रेनिंग में शामिल होने जा रही बेटी की खुशी में परिजनों ने पार्टी आयोजित की। इसके बाद घर के बाहर डीजे पर डांस होने लगा। उसकी मां दरवाजा पकड़कर खड़ी थी तभी लोहे के दरवाजे में करंट उतर आया। इसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही खुशियां मातम में बदल गईं। घर वालों ने बेटी को ढांढस बंधाया। इसके बाद वह मां को अंतिम विदाई देकर ट्रेनिंग पर चली गई।

### पार्टी के दौरान मां की मौत होने से मातम में बदल गईं खुशियां


चंद्रवती की फाइल फोटो।

औरास थानाक्षेत्र के सरौंद गांव निवासी चंद्रपाल की बेटी आरती का पुलिस में सिलेक्शन हुआ था। जिसे मंगलवार को प्रयागराज ट्रेनिंग में शामिल होना था। इस खुशी में परिजनों ने नाते रिश्तेदारों को बुलाकर रविवार को रामचरित मानस का पाठ कराया। इसके बाद सोमवार को पूर्णाहुति होने के बाद पार्टी कराई। पार्टी के बाद में देररात लड़के घर के बाहर डीजे पर डांस करने लगे। जिसे देखने के लिए चंद्रवती (45) पत्नी चंद्रपाल लोहे का दरवाजा पकड़कर खड़ी हो गई। तभी वह दरवाजे के पास से निकले विद्युत तार में आ रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी औरास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की अचानक मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

### मां को अंतिम विदाई देकर ट्रेनिंग के लिए चली गई बेटी

जहां एक ओर बेटी की ट्रेनिंग की खुशी थी वहीं दूसरी ओर मां की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। बेटी के भविष्य के सवाल पर रिश्तेदारों ने उसे ढांढस बंधाया। काफी समझाने के बाद बेटी मां को अंतिम विदाई देकर प्रयागराज ट्रेनिंग के लिए चली गई। उधर परिजनों ने महिला के शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के दो बेटियां व एक बेटा है। जिसमें बड़ी बेटी आरती पुलिस में चयन होने पर ट्रेनिंग पर गई हुई है। मां की असमय मौत पर बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# माइनर में पड़ा मिला वृद्धा का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती वृद्धा का पास में स्थित एक माइनर में शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। तलाश करते पहुंचे भतीजे ने शव की पहचान अपनी बुआ के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के रताखेड़ा गांव निवासी चांदावती के पति छोटे लाल की करीब 10 साल पूर्व मौत हो गई थी। उसके कोई संतान नहीं थी। इस पर थानाक्षेत्र के बंथर गांव निवासी उसका भाई संतराम यादव बहन को देखभाल के लिए अपने घर ले आया था। कुछ दिन पूर्व सांस लेने की दिक्कत होने पर चंदावती को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ठीक होने पर परिजन उसे घर ले आए थे। बीती 13 जून को हालत बिगड़ने पर भाई ने उसे सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडीनगर मोहल्ला स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां से सोमवार देररात दो बजे वहां मौजूद भाभी की आंख लगने पर वह अस्पताल से निकल आई और थोड़ी दूर स्थित माइनर में गिरकर उसकी मौत हो गई। सुबह उसका शव पड़ा देख टहलने निकले लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी व दरोगा अंजनी सिंह पहुंचे और जांच की। लेकिन उस समय उसकी पहचान नहीं हो सकी। इस पर शव मोर्चरी भेजा गया। उधर चंदावती के लापता होने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। तभी उन्हें सोशल मीडिया पर माइनर में शव मिलने की जानकारी हुई। भतीजे प्रमोद पुत्र संतराम ने मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त अपनी बुआ के रूप में की।

## सार-संक्षेप

### फंदे से लटका मिला युवती का शव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के ढोहा गांव में युवती कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। दरवाजा तोड़कर जब तक परिजन कमरे में पहुंचे तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थानाक्षेत्र के मझखोरिया गांव के मजरा ढोहा निवासी मोनी लोधी (18) पुत्री धर्मसहाय मंगलवार सुबह घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे के कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। उसके काफी देर तक नीचे न आने पर मां सरोज उसे बुलाने पहुंची तो दरवाजा बंद देख आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और खिड़की से झांककर देखा तो मोनी फंदे से लटक रही थी। इस पर परिजनों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बड़े भाई संजय ने बताया कि मोनी दो भाइयों से छोटी थी। घटना के समय वह छोटे भाई सूरज के साथ ड्यूटी पर गया था। घर में पेंटिंग का काम चल रहा है। माता-पिता नीचे काम कर रहे थे। उसने फांसी क्यों लगाई इसकी वजह वह नहीं बता सका। उसकी मौत से परिजन बेहाल हैं। माखी एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि परिजनों की सूचना पर जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा गया है।

### शौचालय में गिरने से बच्ची की गई जान, मचा कोहराम

**संवाददाता, औरास उन्नाव, अमृत विचार :** घर में बने शौचालय पर चढ़ रही बच्ची का अचानक पैर फिसलने से वह वहीं गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गये। जहां उसे मृत बता दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चीख़ों के बीच परिजनों ने बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। औरास थानाक्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी परदेसी की 5 वर्षीय बेटी जानवी सोमवार शाम घर में बने शौचालय पर चढ़ रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह स्नान करने वाले स्थान पर गिरकर घायल हो गई। घटना के समय पिता भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाने गया था और मां गोड़े में मवेशियों को चारा डालने गई थी। सूचना पर दौड़े परिजन उसे एक डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। बच्ची की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बच्ची के शव का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। वह दो भाई व पांच बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसकी असमय मौत से मां व बहनें रो-रोकर बेहाल हैं।

### आम के बाग में मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मद्दूखेड़ा और गौरी गांव के बीच स्थित मवई भान तिराहा के सामने एक आम के बाग में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति को बगीचे में औंधे मुंह पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर तत्काल एंबुलेंस से उसे सफीपुर सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गौरी निवासी रामकुमार द्विवेदी पुत्र भोला के आम के बाग में अचेत पड़े व्यक्ति को देख ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल सुब्रत त्रिपाठी ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव की तलाशी कर उसके कपड़ों व पहनावे का विवरण दर्ज किया। उसकी उम्र करीब 50 से 55 वर्ष बताई जा रही है। उसके शरीर पर नीली टीशर्ट, नीली पैंट, सफेद बनियान, नारंगी रंग का अंडरवियर व चमड़े की चप्पलें थीं। वह औंधे मुंह पड़ा था। जिससे प्रथम दृष्टया गिरने या चोट लगने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। कोतवाल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त 55 वर्षीय अशीष पुत्र गोविंद निवासी रामपुरी सदर कोतवाली के रूप में हुई है। वह मानसिक रूप से विक्षप्त बताया गया है। इसके बाद दरोगा अनिल त्रिपाठी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही होगी।

# रेलवे स्टेशन पर मिले वृद्ध के शव की बेटे ने की शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** अजगैन रेलवे स्टेशन की डाउन लाइन के पास मिले वृद्ध के शव की पहचान उसके बेटे ने मोर्चरी पहुंचकर की। इसके बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सदर कोतवाली अंतर्गत शहर के मोहल्ला शाहगंज जवाहर नगर स्थित शिवाय टॉकीज के पीछे रहने वाले अयोध्या प्रकाश शुक्ला (60) पुत्र स्व. रामकुमार 13 जून को परिवार के साथ नई दिल्ली निवासी छोटे बेटे प्रशांत के यहां से लौटे थे। 14 जून को वह घर से बिना बताए घर से कहीं चले गए। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर परिजन सदर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। तभी उनको जानकारी मिली कि अजगैन रेलवे स्टेशन पर बीती 14 जून को डाउन लाइन की साइड ट्रैक के पास एक वृद्ध का शव मिला था। प्वाइंट मैन प्रदीप की सूचना पर अजगैन स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को मेमो भेजा था। पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने जांच की थी। उसकी पहचान न होने से शव मोर्चरी भेजा गया था। इस पर बेटे अविनाश ने अजगैन पहुंचकर जीआरपी से संपर्क किया। जिसके बाद मंगलवार को मोर्चरी पहुंचकर शव देखते ही वह फफक पड़ा और बताया कि शव उसके पिता का है। वहीं पत्नी मीरा रो-रोकर कर बेहाल हैं।

# पत्नी को फंसाने के लिए पिता ने ही की थी दो बच्चों की हत्या

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**फॉलोअप**

### कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर पिला दिया था कीटनाशक आरोपी पिता गिरफ्तार

**अमृत विचार:** पुरवा कोतवाली के रम्मांखेड़ा गांव में दो मासूम बच्चों की हत्या उसके पिता ने मायके में रह रही पत्नी को फंसाने के लिए की थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पिता ने बच्चों को कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर पिलाकर मारा था। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली अंतर्गत रम्माखेड़ा गांव निवासी रोहित गौतम (33) पुत्र अमृतलाल ने कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी नेहा से प्रेम विवाह किया था। उनके बच्चों में ढाई साल की सोनाक्षी व छह माह का बेटा रितिक था। बीते 10 दिन पूर्व पति से विवाद के बाद बच्चों को पति के पास छोड़कर नेहा मायके चली गई थी। इसे लेकर रोहित लगातार पत्नी से घर लौटने की बात कह रहा था। लेकिन वह तैयार नहीं हुई। रोहित इसको लेकर अपनी ससुराल भी गया था लेकिन नेहा घर आने को राजी नहीं हुई। बताते है ससुरालियों ने उसे पीटा भी था। पत्नी से बदला लेने के लिए उसमें खौफनाक साजिश रच डाली। सोमवार को उसने उसने घर से 1 किमी दूर अपने खेत के पास दोनों बच्चों को कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिला कर दे दिया। इससे बच्चों की हालत बिगड़ गई और दिखावे के लिए वह एक निजी अस्पताल भी लाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई। इसके बाद रोहित ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि बताया 9 बजे उसकी पत्नी नेहा अपनी बहन निकिता के साथ से खेतों पर पहुंची। जहां पेड़ के नीचे पति ने बच्चों को मां की गोद में दिया और बातचीत करने लगे। इसी दौरान वह अपने धान की नर्सरी चर रही भैंस को खदेड़ने चला गया। तभी पत्नी ने बच्चों को जहर दे दिया। प्रथम दृष्टया पुलिस ने उसकी कहानी पर विश्वास भी कर लिया और दोनों बच्चों की हत्या करने की रिपोर्ट नेहा और उसकी बहन पर दर्ज की थी। लेकिन सीओ अजय सिंह को जांच के दौरान कई अहम सुराग मिले जिससे शक की सुई रोहित पर घूमी और बाद में उसने पूछताछ में अपने बच्चों की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। एसपी दीपक भूकर ने बताया पिता रोहित ने कोलड्रिंक में सल्फास मिलाकर बच्चों को पिला कर मारा था।

वहीं दोनों बच्चों के शव के पोस्टमार्टम मंगलवार को हुए। इसमें रितिक की मौत पहले होने जबकि सोनाक्षी के प्राण करीब 15 से 20 मिनट बाद निकलने की पुष्टि हुई। दोनों का बिसरा सुरक्षित किया गया है। बच्चों के चचेरे बाबा दिलीप व शिवकुमार पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। हालांकि घटना से दहशतज़दा वह लोग कुछ भी बोलने से बचते रहे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ससुराल से लौट रहे बाइक सवार को पिहानी रोड पर तेज़ रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा पीआरडी जवान घायल हो गया।

कोतवाली शहर के अब्दुलपुर मजरा भदैचा निवासी 38 वर्षीय संतराम फेरी लगाता था। सोमवार को वह ससुराल अम्बेडकर नगर कस्बा पिहानी गया था। वहीं से शाम को बाइक से लौट रहा था। हरियावां थाने के सामने शहर के आईटीआई कालेज में ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान सालिगराम निवासी बरखेरा हरियावां ने लिफ्ट मांगी। संतराम पीआरडी जवान के साथ वहां चल पड़ा, हरियावां थाने और आठवें मील के बीच पहुंचते ही डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों ज़ख्मी हो गए। उन्हे सीएचसी हरियावां से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां संतराम की मौत हो गई। उसके बड़े भाई कृष्णपाल ने बताया कि संतराम के परिवार में पत्नी रेनू के अलावा उसके दो बेटे और दो बेटियां है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन लोगों को वाहन टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। सांडी से मजदूरी का कार्य कर राज मिस्त्री मनोज, प्रकाश और विमल मजदूरी कर वापस घर जा रहे थे। तीनों ग्राम आदमपुर के निवासी हैं। सांडी- शाहाबाद मार्ग पर आदमपुर की मोड़ के पास चौपहिया चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे पीछे बाइक जा टक्करा गई। तीनों को सीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने मनोज व प्रकाश को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे मे ले लिया है।

### साइकिल सवार वृद्ध को कुचलते हुए 200 मीटर तक घसीट ले गया ट्रैक्टर चालक, मौत

**हरदोई, माधौगंज, अमृत विचार।** खेत से चारा ले कर घर लौट रहे साइकिल सवार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने कुचल दिया, उसी बीच साइकिल और उस पर सवार अधेड़ फंस गया, जिसे ट्रैक्टर करीब दो सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गया, उसके बाद भाग निकला। पुलिस का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है। माधौगंज थाने के इस्लामपुर जगाई निवासी राजबहादुर (59) सोमवार को खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गया था। वहीं से शाम को साइकिल पर सवार होकर लौट रहा था। रास्ते में बिलग्राम-कन्नौज रोड पर प्याऊ चौराहे से कुछ ही पहले सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। बताते हैं कि साइकिल और उस पर सवार राजबहादुर उसी में फंस गया और ट्रैक्टर उसे करीब दो 100 मीटर तक घसीट ले गया। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर ट्रैक्टर चला रहा युवक ट्रैक्टर के साथ भाग निकला। राजबहादुर के बेटे अरविन्द ने बताया कि उसने पुलिस को तहरीर दी है, आरोपी ट्रैक्टर चालक गांव का ही है।



### धोखाधड़ी से लगा सदमा युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक को शराब पिलाकर झांसा देकर कुछ लोगों ने उसके खेत का अपने नाम बैनामा करा लिया। खेत के रुपये मांगने पर आरेपियों ने धमकी दी। सदमे में आकर युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पाली थाने के कछेलिया मजरा बैजूपुर निवासी रामनिवास (42) ने सोमवार को अपने पुराने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामनिवास के पुत्र रामू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसी गांव के रामदेव ने उसके पिता को शराब पिलाई और धोखे से 26 मई को 8 लाख की कीमत तय करते हुए अपनी पत्नी रामदेवी के नाम एक बीघा खेत का बैनामा करा लिया। बाद में रुपये मांगने पर पहले तो वह टालता रहा, उसके बाद मना कर दिया। सोमवार की सुबह उसके पिता ने रुपये मांगे तो उसी धमकाया जाने लगा, उसी के सदमे में उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट : श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की सात विकेट से जीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम चल रहे नवयुग सेवा संस्थान लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 व परफेक्ट-11 के बीच खेला गया। मैच में टॉस परफेक्ट-11 ने जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय किया।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए परफेक्ट-11 की टीम ने 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 86 रनों का खड़ा किया। परफेक्ट-11 की तरफ से सूर्यांशु 32 रन, अर्पित सिंह 12 रन व काशी गुजराती ने 8 रनों का योगदान किया। वहीं श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 तरफ से कृष्णा प्रजापति, सुंदरम व पवन ने 2 - 2 विकेट, सत्यम, विश्वास व युवराज ने 1-1 विकेट लिया व एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की टीम ने 14.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट 11 की तरफ से अथर्व 29 रन, रितेश 22 रन व अंश मिश्रा ने 10 रन बनाए। इस प्रकार श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 ने इस मैच में सात विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को एप्टेक-11 व श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 के बीच फाइनल होगा। परफेक्ट-11 की तरफ से कोमल सिंह 3 विकेट व सूर्यांशु ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा प्रजापति रहे, जिनको समाजसेवी अनूप पूरी ने पुरस्कृत किया। कृष्णा प्रजापति ने गेंदबाज़ी करते हुए 3 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट लिए।


खिलाड़ी को पुरस्कृत करते समाजसेवी अनूप पूरी। अमृत विचार

# दिव्यांग बच्चों की पहचान व पुनर्वासन को समिति गठित

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके समग्र पुनर्वासन के लिए शासन के निर्देशानुसार जनपद समन्वय समति का गठन किया गया है। उन्होने बताया कि समिति में जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी अध्यक्ष तथा मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी को सदस्य और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सदस्य/सचिव होंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि गठित समिति पर दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित लाभार्थी परक योजनाओं के शिविरों के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन कराने का दायित्व होगा और लाभार्थीपरक योजनाओं के शिविरों के आयोजन हेतु तिथि एवं समय के निर्धारण, शिविरों के सफलता पूर्वक आयोजन एवं विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र में शिविरों के आयोजन के सम्बन्ध में सूचना तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# नाला सफाई में डीएम ने मीडिया से मांगी राय

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा ने विभिन्न मुद्दों पर जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों के सामने अब तक की अपनी प्रस्तावित कार्य योजनाओं के बारे में बताया तथा मीडिया कर्मियों से इस पर राय मांगी।

उन्होंने जलभराव के बारे में मीडिया कर्मियों से पूछा कि किन नालों की सफाई से जलभराव की समस्या में महत्वपूर्ण कमी लाई जा सकती है। उन्होंने सुखेता नाले के संबंध में भी मीडिया बंधुओं की राय ली। जिलाधिकारी ने एचसीएल और प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जाने वाले क्लींन हरदोई प्रोग्राम के बारे में मीडिया प्रतिनिधियों को बताया। उन्होंने गांधी भवन में गांधी हाट के विकास के बारे में बताया, जिसमें एक वेंडिंग जोन विकसित करने की बात रखी। पत्रकारों ने भी विभिन्न मुद्दों पर जिलाधिकारी के समक्ष अपने विचार रखे। इसके अलावा डीएम ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिले भर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 95 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही वंचित पात्र लोगों वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाये गए।


जनसुनवाई में पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग की हुई बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में नरेगा, 15वें वित, राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम व नदियों के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बना है, उनका जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए 24 जून से चार दिन का अभियान चलाया जाये। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बाउंड्री के ऊपर तार फेंसिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये। ऑपरेशन मैदान के अंदर कार्य जल्द प्रारम्भ कराया जाये। अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाये।

# दो पक्षों में जमकर चली लाठी 1 दर्जन घायल, 14 पर केस

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुमुर्की में मंगलवार की सुबह पुश्तैनी जमीन के बंटवारे में दो पक्षों में जमकर लाठी चली। जिसमें एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर मझिला पुलिस ने चौदह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

एक पक्ष की नसरीन पत्नी सामीन के अनुसार मंगलवार को घर व पुश्तैनी जमीन का बंटवारा हो रहा था। खानदान के बाबर पुत्र अली अहमद गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर विपक्षी अपने साथ अरबाज, शाहनवाज, हसीब और दारूद के साथ लाइसेंसी रायफल, तमंचा और लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। उसे उसके पति, पुत्र किशवर, पुत्री नूरजहां देवर यावर को मारपीट कर घायल कर दिया। विपक्षियों ने तमंचे से हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के फुरकान के अनुसार वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी विपक्षी यावर अपने भाई सामीन, सुलतान, मुल्तान, महिवाल, मोनिश पुत्रगण मोमीन, किशवर और मुजम्मिल के साथ लाठी डंडे लेकर आए और गाली गलौज कर मारने लगे। शोर सुनकर उसके परिजन बचाने आए तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया।

**कवायद** हाईटेक सिस्टम से आरक्षण कराने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

# हरदोई में जल्द अपग्रेड होगा पीआरएस सिस्टम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर जल्द ही पीआरएस काउंटर पर नई टेक्नोलॉजी से लैस कंप्यूटर सिस्टम को लगाया जाएगा, जिससे कि आरक्षण की प्रक्रिया सरल होगी और रेल यात्रियों को सिस्टम से होने वाली असुविधाओं से भी बचाया जा सकेगा।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर जल्द ही 5जी कंप्यूटर सिस्टम को पीआरएस काउंटर पर लगाया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर इसको शुरू किया गया है। जल्द ही मंडल के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी इसको लगाया जाएगा। हरदोई रेलवे स्टेशन पर अभी कई वर्षों पुराना पीआरएस काउंटर पर कंप्यूटर सिस्टम लगा हुआ है जिसके चलते लगातार रेल कर्मियों को तो असुविधा उठानी ही पड़ती है वहीं रेल यात्रियों को भी पुराने सिस्टम होने के चलते काफी कठिनाइयों से सामना करना पड़ता है।

### पीआरएस सिस्टम में आ रही तकनीकी समस्या

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर लगातार रेल यात्री पीआरएस काउंटर पर लिंक सर्वर के डाउन होने की शिकायत करते आ रहे हैं। कई बार सरवर की खराबी तो कई बार सिस्टम की दिक्कतों से रेल यात्रियों को अपना आरक्षण टिकट बनवाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पीआरएस काउंटर पर एसी न होना भी सरवर लिंक और कंप्यूटर सिस्टम के लिए भीषण गर्मी में दिक्कतें खड़ी कर रहा है। कई बार रेल अधिकारियों ने पीआरएस काउंटर पर एसी लगवाने के निर्देश दिए लेकिन स्थानीय रेलवे स्टेशन से लेकर मंडल के अधिकारियों तक एसी की फाइल दौड़ती रही लेकिन अब तक पीआरएस काउंटर में एसी नहीं लग पाया है। उम्मीद है कि जल्द ही पीआरएस काउंटर पर एसी को लगाकर नया अपग्रेड 5जी सिस्टम को भी लगाया जाएगा। जिससे कि हरदोई रेलवे स्टेशन के यात्रियों को भी काफी लाभ मिलेगा साथी रेल कर्मियों को भी हो रही समस्याओं से निजात मिल जाएगा।

### बंद परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को नोटिस

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के गैर हाजिर पर नोटिस जारी किया गया। सरकार ने 16 जून तक परिषदीय विद्यालयों को खोलने, बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करने का आदेश दिया था। लेकिन चार विद्यालयों में ताला लटका रहा। एक कंपोजिट विद्यालय में केवल शिक्षा मित्र ही मौजूद रही, डिगासर, बान्दपुरवा, बैढापुर परिषदीय विद्यालय बंद रहे। महितापुर में शिक्षामित्र ने विद्यालय खोला, प्रधानाध्यापक सहित सात शिक्षकों में से एक भी नहीं पहुंचा। बीईओ सुनील कुमार ने कहा शिक्षकों का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राएं सीखेंगी आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा माध्यमिक के रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा, मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मार्शल आर्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनपद के 52 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जनपद के कुशल प्रशिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है। उक्त आवेदन करने वाले प्रशिक्षक पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से अपने आवेदन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उक्त प्रशिक्षकों को प्रति विद्यालय पांच हजार प्रतिमाह का मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण तीन माह के लिए प्रतिदिन 40 मिनट प्रत्येक विद्यालय में चलाया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु चयनित प्रशिक्षकों को जो मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट धारक हो, एक रोजगार का अवसर तो मिलेगा।


आत्मरक्षा के गुर सीखतीं बालिकाएं।

# ‘स्वर्ग धाम’ को ‘नर्क’ बनाने में जन प्रतिनिधि जिम्मेदार

## जन प्रतिनिधियों व जिला प्रशासन से क्षेत्रीय जनता कर रही श्मशान घाट के कायाकल्प की मांग, नहीं उठाये गये कोई ठोस कदम

अमृत विचार मुद्दा

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर तहसील के परियर श्मशान घाट की दुर्दशा पर खबर अमृत विचार लगातार कई दिनों से प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा हैं। जिससे क्षेत्र के साथ कई जिलों के लोग खबर की कटिंग सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं, लोग स्वर्ग धाम माने जाने वाले श्मशान घाट को नर्क बनाने में जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

बता दें कि जिले के प्रमुख तीर्थ परियर स्थित श्मशान घाट में व्याप्त दुश्वारियां आमजन व यहां पर अपनों के शवों का अंतिम संस्कार करने आने वालों के लिए जान की दुश्मन बनी हुई हैं। दशकों से व्याप्त इस गंभीर समस्या को लेकर अभी तक किसी भी समाजसेवी, जन प्रतिनिधि से लेकर जिला प्रशासन तक ने कोई ठोस कदम नहीं उठाये हैं। अमृत विचार द्वारा इस समस्या को लेकर खबरें प्रकाशित करने के बाद अब सभी इस पर बयानबाजी कर रहे हैं। हालांकि, सत्तापक्ष हो या फिर विपक्ष सभी के नेता इस समस्या के निदान को लेकर गंभीर दिख रहे हैं। वहीं, वे एक-दूसरे पर कटाक्ष भी कर रहे हैं। सपा की राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद के ट्वीट पर वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राजनीतिक रंग देना आसान है लेकिन कर्तव्य निर्वाहन करना आसान नहीं होता। यह सच है सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी बड़ी होती समस्याओं के प्रति उनकी जवाबदेही भी ज्यादा होती है। लेकिन विपक्ष के भी कुछ दायित्व होते हैं। उसे भी अपना कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। जनता उनके भी पक्ष में मतदान करती है।



धूप से बचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेते लोग। अमृत विचार



तपती रेत व तेज धूप में खड़े होकर अपनों का अंतिम संस्कार करते लोग। अमृत विचार



शंकर स्वरूप।

परियर के 71 वर्षीय शंकर स्वरूप उर्फ मालिक अवस्थी ने कहा कि विगत वर्ष हमारे परिवार के सदस्य की मौत हो गई थी। जिसका दाह संस्कार घाट पर चल रहा था। तभी अचानक ओलावृष्टि और तेज बारिश हुई थी। उस समय करीब 35 लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे बैठकर अपने को बचाया था।



धर्मेंद्र मिश्रा।

उप्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि परियर श्मशान घाट मां गंगा के तट पर होने से इसकी मान्यता ज्यादा है। वहां अंतिम संस्कार के लिए जिला ही नहीं आसपास के कई जिलों से लोग आते हैं। वहां किसी प्रकार की वव्यस्था न होना बड़ा ही दुर्भाग्य का विषय है।



विपिन अवस्थी।

भाजपा के मीडिया सह संयोजक विपिन अवस्थी ने बताया कि कई दिनों से लगातार परियर श्मशान घाट की दुर्दशा की फोटो, वीडियो व खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सब कुछ जानते हुए भी अभी तक झांकने नहीं आए।



वीरेंद्र सिंह।

दोस्तीनगर निवासी पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 30 किमी दूर परियर श्मशान घाट पर उनके गांव के लोग भी अंतिम संस्कार को जाते हैं। हर मौसम में अंतिम संस्कार करना एक बड़ी समस्या है। बारिश में खुले में दाह संस्कार करते समय पानी बरसने से शव अधजला रह जाता है।

## एक नजर

### युवकों ने की हवाई फायरिंग, पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ, उन्नाव :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गद्दियन खेड़ा में मंगलवार को भगवान शंकर के मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा हो रही थी। कथा पंडाल में सैकड़ों महिलाएं व पुरुष कथा सुन रहे थे। तभी अचानक दो युवक तमंचे से हवाई फायरिंग करने लगे। जिससे श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। तभी कथा सुन रहे गांव के सुनील पुत्र बाबूलाल ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर दरोगा जितेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फायरिंग करने वाले मनीष पुत्र जसकरन व आजाद पुत्र सुख नन्दन निवासी गांव नेवलापुर बांगरमऊ कोतवाली को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उनके पास दो तमन्चे और कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा पुलिस ने दोनों की जेब से दो मोबाइल और बोलेरो भी बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी सीज कर सूचना देने वाले युवक की ओर से दोनों के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

### दो पक्षों में मारपीट, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव स्थित बाजार में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से लात-घूंसे और बेल्टें जमकर चलीं। देखते ही देखते पूरा बाजार रणक्षेत्र में तब्दील हो गया और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के युवक खुलेआम मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह रही कि एक पुलिसकर्मी बीच-बचाव की कोशिश करता दिखा, लेकिन हमलावर युवक बेल्टें चलाने के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं जाजमऊ चौकी प्रभारी विनय यादव ने बताया कि वायरल वीडियो करीब तीन दिन पुराना है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि 'अमृत विचार' अखबार द्वारा नहीं की गई है।

### बद्री प्रसाद इंटर कालेज के 3 बच्चे पुलिस में चयनित

**परियर उन्नाव :** स्थानीय बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज परियर के दो छात्र व एक छात्रा पुलिस में चयनित हुई हैं। इनमें रूपाली पुत्री स्व. जयशंकर अवस्थी, सूरज कुशवाहा पुत्र श्रीराम व दीपक कुमार पुत्र राकेश कुमार का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ है। 15 जून को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उनके परिवार व गांव के साथ कॉलेज के सहपाठी व अध्यापक इस पर गर्व महसूस कर एक-दूसरे को बधाई दे रहे हैं।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की गई जान, साथी घायल

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग चौराहा पर मंगलवार शाम ओवरटेक के दौरान ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की मौत हो गई। इसमें पीछे बैठा साथी गंभीर घायल हो गया। जिसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में ट्रक में फंसकर स्कूटी काफी दूर तक घिसटती चली गई। इससे वह भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने ट्रक कोतवाली में खड़ा कराया है।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के बरुआघाट गांव निवासी नरेश चंद्र (50) पुत्र मूलचंद्र गांव निवासी महेश (55) पुत्र श्यामलाल के साथ मंगलवार को बांगरमऊ नगर की बाजार में खरीददारी करने आया था। तभी बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित लखनऊ मार्ग चौराहे पर लकड़ी लाद कर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक को ओवरटेक करते समय अचानक ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कूटी ट्रक में फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। लोगों के शोर मचाने पर चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। इसमें बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने नरेश चंद्र को मृत बता दिया। वहीं महेश की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# गर्मी बढ़ने से पीएचसी में मरीजों की भीड़

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और लू ने आमजन की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। शुक्लागंज स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। मंगलवार को ओपीडी में करीब 225 मरीजों ने इलाज के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें से करीब 110 मरीज त्वचा रोग से पीड़ित मिले। इसके अलावा डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या भी काफी अधिक रही।

पीएचसी में मौजूद डॉ. राजेश चंद्रा व डॉ. अल्तमश खान ने बताया कि लगातार पसीना निकलने और उसके शरीर पर सूखने के कारण चर्म रोग के कीटाणु तेजी से पनप रहे हैं। इससे दाद, खाज, खुजली जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। डॉक्टरों ने बताया कि गर्मियों में त्वचा रोग के मरीज करीब डेढ़ गुना बढ़ गए हैं। वहीं डायरिया और बुखार के मरीज भी कुल संख्या के 50 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, हल्के व सूती कपड़े पहनें और बार-बार स्नान करें। शरीर को सूखा रखें और त्वचा पर पाउडर का प्रयोग करें, जिससे कीटाणु मरें और त्वचा रोग से राहत मिले। गंभीर स्थिति में जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर परामर्श लें और जरूरत पड़ने पर एंटीबायोटिक दवाएं भी लें।



मरीजों की ओपीडी करते डॉ. अल्तमश खान। अमृत विचार

# विष्णुपुरी में एबीसी जलने से 200 घरों की विद्युत आपूर्ति19 घंटे रही ठप

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गर्मी के तेज प्रकोप में जहां लोग बेहाल हैं, वहीं बिजली उपकरण भी इसका भार नहीं झेल पा रहे हैं। सोमवार रात विष्णुपुरी मोहल्ले में ओवरहीटिंग के कारण एबीसी लाइन जलने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इससे विष्णुपुरी और शारदा नगर के लगभग 200 घरों की बिजली करीब 19 घंटे तक गुल रही, जिससे सैकड़ों लोग गर्मी और पानी की किल्लत से जूझते रहे।

सोमवार रात करीब 11 बजे विष्णुपुरी इलाके में अचानक एबीसी केबल में आग लग गई। आग लगते ही 250 केवी के ट्रांसफार्मर की आपूर्ति रुक गई। रात होने के कारण तत्काल मरम्मत संभव नहीं हो सकी, जिससे दो मोहल्लों के लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। भीषण गर्मी में बिना पंखे और पानी के बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे विद्युत विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान जली हुई एबीसी केबल के स्थान पर लगभग 500 मीटर नई केबल डाली गई। साथ ही, ट्रांसफार्मर को सिंगल फेस से थ्री फेस लाइन से जोड़कर आपूर्ति बहाल की गई। शाम करीब 6 बजे बिजली बहाल हो सकी, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

सैकड़ों लोग गर्मी और पानी की किल्लत रहे परेशान



केबल डालने का काम करते कर्मचारी।

**तेज गर्मी में ट्रांसफार्मर तमतमाए, कूलर की ठंडक नाकाफी, विभाग रोस्टिंग के सहारे, शुक्लागंज (उन्नाव):** गर्मी की तपिश केवल इंसानों को ही नहीं, अब बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मरों को भी झुलसाने लगी है। आसमान से बरसती आग के बीच शुक्लागंज और गंगाघाट सबस्टेशन पर लगे ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा के लिए विभाग ने पॉवर हाउस में कूलर लगाए, लेकिन ट्रांसफार्मरों का तपता मिजाज कूलर से भी काबू में नहीं आ रहा है। ऐसे में विभाग को ट्रांसफार्मर ठंडा करने के लिए दोपहर में करीब डेढ़ घंटे की रोस्टिंग करनी पड़ रही है, जिससे आम जनता को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

सरैयां स्थित शुक्लागंज सबस्टेशन और गंगाघाट सबस्टेशन पर 10-10 एमवी और 5-5 एमवी के ट्रांसफार्मर लगे हैं, जो पूरे नगर की आपूर्ति संभालते हैं। गर्मी के प्रचंड रूप को देखते हुए विभाग ने बड़े कूलरों की व्यवस्था की है, जिन्हें सुबह-शाम कर्मचारी पानी भरकर लगातार चलाते हैं। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर का तापमान नियंत्रित नहीं हो पा रहा। ट्रांसफार्मरों में खौलते तेल के बीच कूलर भी विफल साबित हो रहे हैं। यही कारण है कि विभाग रोस्टिंग के ज़रिये ट्रांसफार्मरों को 'आराम' दे रहा है। दोपहर के समय बिजली आपूर्ति रोकी जाती है ताकि ट्रांसफार्मर ओवरहीट न होकर फुंक न जाएं और नगर की आपूर्ति ठप न हो।

# अघोषित विद्युत आपूर्ति से लोग हलकान, ऊर्जा मंत्री से लगाई गुहार



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते विद्युत कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** इस भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से निजात दिलाने के प्रयास करने के बजाय उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन विद्युत दरें बढ़ाने के जुगत में लगा है। उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति कैसे मिले इसके लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही अघोषित कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हैं। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से राहत दिलाने के लिए उपभोक्ताओं ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की है।

बता दें कि माह अप्रैल के आखिरी सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। प्रचंड गर्मी शुरू होते ही बिजली की मांग बढ़ गई है। विद्युत विभाग निर्बाध आपूर्ति करने में अक्षम नजर आ रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली देने में अक्षम उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को भेजा है। बताते हैं कि संपूर्ण देश में सबसे महंगी बिजली उत्तर प्रदेश में है। एडवोकेट संजीव त्रिवेदी कहते हैं कि नए स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओ को लूटा जा रहा है। एडवोकेट आफताब इदरीसी कहते हैं कि लोड की अधिकता के चलते विद्युत केबिल जलना, ट्रांसफार्मर ध्वस्त होना आम बात हो गई। वहीं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र सद्धू कहते हैं कि गर्मी से राहत देने वाले विद्युत उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं।

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा और टेंपो की अराजकता से यातायात बाधित



फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर के पोनी रोड मोड़ पर ई-रिक्शा और टेंपो चालकों की अराजक पार्किंग व्यवस्था ने सोमवार को राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी। फोरलेन पर आड़े-तिरछे खड़े टेंपो और रिक्शा के कारण सुबह से ही यातायात बाधित रहा। दोपहर करीब 12 बजे स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जाम लग गया और वाहन रेंगते हुए निकले। बालूघाट मोड़ के पास पालिका द्वारा टेंपो स्टैंड बनवाया गया है, लेकिन अभी तक उसे चालू नहीं किया गया है। जिससे टेंपो चालक मनमानी ढंग से सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे रोजाना फोरलेन पर यातायात प्रभावित होता है, खासकर पीक ऑवर में ऑफिस जाने वालों और मरीजों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पालिका का टेंपो स्टैंड पूरी तरह बनकर तैयार है तो उसे शुरू क्यों नहीं किया जा रहा। यदि टेंपो स्टैंड को सक्रिय किया जाए तो अराजकता पर नियंत्रण पाया जा सकता है और जाम से राहत मिलेगी।

### हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामला कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव का है जहां 11 अप्रैल-2024 को देशराज पर जानलेवा हमला किया गया था। हमले में देशराज गंभीर घायल हुआ था। उसकी तहरीर पर पुलिस ने गांव के उमाशंकर पुत्र राम चरन और राजेश पुत्र बछवन के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई थी। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में थी। मंगलवार को दरोगा अनिल राजपूत, सिपाही यशवंत व रामबरन ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को बरीखेड़ा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### गोशाला में भूसा दान करने वालों को डीएम ने दिया प्रशस्तिपत्र

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव मखदूम नगर की गौशाला में भूसा दान महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पहुंचकर सबसे पहले गोवंशों को माला पहनाकर उन्हें गुड़ चना और केला खिलाया। साथ ही गौशाला के केयर टेकर से गोवंशो के बारे में जानकारी कर उन्हें मिलने वाले वेतन के बारे में भी पूछा। जिलाधिकारी के पूछने पर केयर टेकर राजपाल ने बताया कि 6 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से मिलता है। गौशाला का अच्छी तरह से संचालन करने व गोवंशों के बेहतर हरे चारे, भूसा व पानी का इंतजाम और देखरेख करने के लिए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान उमा देवी व उनके पति शिव शंकर व ग्राम विकास अधिकारी शकुशल सिंह की सराहना कर उन्हें बधाई दी। इसके अलावाग्राम पंचायत मे गरीब परिवारो मे जन्मे कमजोर बच्चों को गौशाला से उन्हें दूध उपलब्ध कराने के लिए चार-पांच दुधारू गायों को अलग से भी हरे चारे और दाने की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने भूसा दान करने वाले किसानों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा, एसडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय, श्वेता त्रिपाठी, डॉ. भूपेंद्र, एडीओ पंचायत छोटेलाल के अलावा ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत व ब्लॉक कर्मचारियों में केके तिवारी, सर्वेश दीक्षित, उत्तम अवस्थी, सिद्धांत वर्मा मौजूद रहे।

### हारे के सहारे के नाम पर श्याम भक्तों ने किया भजन

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** पोनी रोड स्थित डाकतार कॉलोनी चौराहे के पास एक लॉन में सोमवार रात श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें श्याम प्रेमियों ने “हारे के सहारे” के नाम पर पूरी रात भक्ति में डूबकर भजन-कीर्तन किया। पोनी रोड स्थित मिश्रा लॉन में आयोजित महोत्सव के दौरान बाबा श्याम का सुंदर श्रंगार कर छप्पन भोग अर्पित किया गया और अलौकिक ज्योति प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम में ग्वालियर से आये भजन गायक मनोज पागल ने हारे के सहारे आजा और तेरा दास पुकार आजा जैसे भजनों से समां बांधा। उनके साथ अंकित चंचल और छोटू बाजपेई ने भी भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। भक्ति में लीन भक्तों ने नृत्य और जयघोष करते हुए बाबा श्याम का आशीर्वाद मांगा। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मोहित, नेहा, निखिल, विजय समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।



महोत्सव के दौरान बाबा का किया गया श्रृंगार।

### खुली अदालत लगाकर हुई 157 मुकदमों की सुनवाई

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** चकबंदी अधिकारी ने मंगलवार को काश्तकारों को दौड़ भाग से निजात के लिए क्षेत्र के गांव माढ़ापुर स्थित खेल मैदान में खुली अदालत लगाई। इसमें सीओ चकबंदी ने चक आपत्ति से संबंधित 157 मुकदमों की सुनवाई की। चकबंदी अधिकारी नीरज कुमार ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव माढ़ापुर स्थित खेल मैदान में खुली अदालत लगाकर एक-एक चक आपत्ति का मुकदमा दाखिल करने वाले काश्तकारों की सुनवाई की। उन्होंने सभी काश्तकारों की आपत्तियों को धैर्यपूर्वक सुना और फाइलों पर कार्रवाई दर्ज की। उन्होंने इसमें 157 मुकदमों की सुनवाई कर कार्यवाही दर्ज की और उन्हें निर्णय हेतु अगली तारीख एक जुलाई दे दी। सुनवाई के दौरान ग्राम प्रधान विजयपाल कुशवाहा, चकबंदी कानूनगो संतराम व लेखपाल पुरुषोत्तम सहित आधा दर्जन चकबंदी कर्मी व सैकड़ों काश्तकार मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर में युवाओं व महिलाओं ने लिया हिस्सा

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार :** कस्बा स्थित मयूरी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर द्वारा रविवार को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के युवाओं व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ज़रूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। अस्पताल संचालक आशीष सिंह ने सभी रक्तदाताओं को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। अस्पताल में कार्यरत डॉ. अनिल ने रक्तदान के लाभों की जानकारी दी। डॉ. अनिल ने बताया कि रक्तदाताओं को समाधान चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से एक विशेष कार्ड दिया जाएगा। जिससे भविष्य में यदि किसी को रक्त की आवश्यकता होती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर ब्लड दिलाया जाएगा। शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाली जूली सोनी ने बताया कि यह उनका पहला अनुभव है। वह आगे भी ज़रूरतमंदों के लिए रक्तदान करती रहेंगी।

बंद था कार्य

सुस्त गति से कार्य होने से गंगा का जलस्तर बढ़ने पर होंगी दिक्कतें, बनारस की तर्ज पर होगा निर्माण

# आनंद घाट के आरती स्थल पर पाइलिंग की तैयारी में जुटी कार्यदायी संस्था

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट क्षेत्र के आनंद घाट पर बनारस की तर्ज पर बनने वाले आरती स्थल का निर्माण कार्य अभी भी प्रारंभिक चरण में अटका हुआ है। शासन से स्वीकृत 1 करोड़ 6 लाख की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी योजना की नींव जून में भी मजबूती नहीं पकड़ सकी है, जबकि मानसून जल्द ही दस्तक देने वाला है और गंगा के जलस्तर में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 6 मार्च को स्थानीय विधायक द्वारा भूमि पूजन कर इस योजना की औपचारिक शुरुआत की गई थी। परियोजना के अंतर्गत 25 मीटर लंबा और 11 मीटर चौड़ा आरती मंच विकसित किया जाना है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में करीब 12 फीट तक जेसीबी से खुदाई कर पिलर फाउंडेशन के लिए स्थान तैयार किया गया, लेकिन इसके बाद कार्य अचानक ठप पड़ गया। अब जून के दूसरे पखवाड़े में निर्माण एजेंसी ने फिर से गतिविधियाँ शुरू की हैं। स्थल की दोबारा पैमाइश के बाद पिलर फाउंडेशन के लिए पाइलिंग कार्य की तैयारियाँ की जा रही हैं। निर्माण सामग्री मौके पर पहुंच चुकी है और सुपरवाइजर के अनुसार एक-दो दिन में पाइलिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान स्थिति में निर्माण की गति काफी धीमी बनी हुई है और बारिश से पहले पाइलिंग का काम पूरा हो पाना कठिन प्रतीत हो रहा है। हालांकि, निर्माण एजेंसी का कहना है कि बारिश से पहले जितना संभव होगा, कार्य को तेज गति से कराया जाएगा।



आनंद घाट पर आरती स्थल के लिए की गई खोदाई। अमृत विचार




कार्य को लेकर घाट पर लगाया गया बैरियर। अमृत विचार


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ उन्नाव

पत्रांक: 929 / ई-नि0सू0/2025-26 दिनांक – 17-06-2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव में ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद बांगरमऊ-उन्नाव सीमान्तर्गत जल कार्य में उपयोग आने वाले, पम्पिंग सेट चलाने हेतु सामग्री की आपूर्ति कराये जाने हेतु ई-टेण्डर निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। कार्य का विवरण आनलाइन "http://etender.up.nic.in" पर ही डाउनलोड़ व अपलोड किया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नवत है :-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.06.2025 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड़ की तिथि | 18.06.2025 समय 10:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 28.06.2025 समय 02:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 29.06.2025 समय 10:00 बजे तक |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ – उन्नाव |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्तें कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती ।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें व निविदा डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बांगरमऊ - उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बांगरमऊ - उन्नाव।**

# 60 घंटे बंद रहेगी कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग

संवाददाता, कंचौसी

- ट्रैक मरम्मत और सड़क निर्माण के लिए लिया गया फैसला
- औरैया व रसूलाबाद जाने के लिए 5 से 10 किमी बढ़ेगी दूरी

**अमृत विचार।** ट्रैक मरम्मत के चलते कंचौसी की पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग 60 घंटे बंद रहेगी। मंगलवार की सुबह 6 बजे से गुरुवार की शाम 6 बजे तक क्रॉसिंग बंद करने का निर्णय लिया गया है। पहले दिन ही वाहन सवारों को परेशान होना पड़ा। सुबह 8 बजे के बाद पटरियों पर स्लीपर का कार्य शुरू किया गया। रेल पथ टीम करीब 500 मीटर ट्रैक दुरुस्त करेगी। इसका असर ट्रेनों की रफ्तार पर भी पड़ा।

कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से वाहन सवार करीब 10 किलोमीटर का चक्कर काटने को मजबूर हुए। रेलवे की ओर सड़क के दोनों तरफ लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क का भी दुरुस्तीकरण कराया जा रहा है, ताकि आए दिन गड्ढे में फंसकर जाम का पर्याय बनने वाले ट्रक आसानी से निकल सकेंगे और रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल सकेगी। कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग से कानपुर देहात जनपद के रसूलाबाद और औरैया की ओर लोग आते जाते हैं। इस क्रॉसिंग पर बड़े वाहनों का दबाव ज्यादा है।

रेल पथ विभाग की ओर से इस क्रॉसिंग की लाइनों को ज्यादा मजबूती देने का कार्य मंगलवार से शुरू कराया गया है। क्रॉसिंग बंद होने की जानकारी मिलने के बाद वाहन से निकलने वाले लोगों को झींझक, परजनी, बिझाई, दिबियापुर या फिर रानेपुर अंडरपास से गंतव्य की ओर रवाना हुए। यह दूरी तय करने में तीन से 10 किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ा।



रेलवे क्रॉसिंग के पास जेसीबी से कार्य शुरू हो गया। अमृत विचार

### काशन देकर निकाली गईं वंदे भारत व एक्सप्रेस ट्रेनें

- मरम्मत की वजह से अप और डाउन लाइनों पर 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन निकाली गईं। इसके लिए दोनों तरफ काशन का बोर्ड लगाया गया है। वंदे भारत, स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस, नीलांचल, कोटा-पटना एक्सप्रेस, नेताजी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें काशन देकर निकाली गईं।

### तीन दिन चलेगी मरम्मत

- स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया कि क्रॉसिंग के दोनों तरफ सड़क की मरम्मत की जा रही है और ट्रैक का भी दुरुस्तीकरण हो रहा है। यह काम तीन दिन तक चलेगा। इसी लिहाज से तीन दिन के लिए क्रासिंग को बंद किया गया है। इससे रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से मिल सकेगी।

## बच्चों को सही तालीम दिलाएं

**बरेली।** उर्स-ए-खालिद मिल्लत में मंगलवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। उर्स के मंच से उलमा ने मुसलमानों से कहा कि बच्चों को सही तालीम दिलाएं और उन्हें गुमराह होने से बचाएं।

मदरसा मजहरे इस्लाम में उर्स के दूसरे दिन की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। मदरसे से लेकर दरगाह आला हजरत, दरगाह खालीद ए मिल्लत तक रौनक छाई रही। उर्स का आगाज तिलावते कुरान पाक से हुआ। उलमा ने उर्स में शिरकत करने आए जायरीन को पैगाम दिया कि अपने बच्चों को सही तालीम दिलाएं। अपने ईमान की हिफाजत करें, बुजुर्गों का पैगाम याद रखते हुए उनके बताए रास्ते पर चलें। कारी सकावत ने कहा कि खालिद ए मिल्लत भी हमेशा अपने मुरीदों को आला हजरत के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत करते थे। इस मौके पर बड़ी संख्या नेम लोग मौजूद रहे।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

संवाददाता इकदिल इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव पिलखर के पास संचालित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता व नवजात की अचानक तबियत बिगड़ गई। अस्पताल में मौजूद नर्स ने उनका इलाज करने का प्रयास किया लेकिन उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। इस पर अस्पताल के संचालक ने दोनों को हायर सेंटर हॉस्पिटल भेज दिया। लेकिन रास्ते में दोनों की मौत हो गई। बाद में मृतका के परिवार के लोग दोनों के शवों को लेकर अस्पताल पहुंचे और शवों को रखकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने डाक्टरों पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया।

मंगलवार की सुबह करीब चार बजे धमेर्द्र कुमार अपनी पत्नी दिव्यांशु उम्र 30 को प्रसव के लिए पिलखर के सामने स्थित गुरु जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हॉस्पिटल संचालक व डॉक्टरों ने बेहतर इलाज का आश्वासन दिया। नार्मल डिलीवरी के बाद महिला ने स्वस्थ नवजात को जन्म दिया। अस्पताल संचालक ने बताया कि नवजात की शिशु की धड़कन कम है और उसे आई सी यू में ले जाने के लिए बोला। स्वजन उसे इटावा शहर लेकर गए जब तक पहुंचते नवजात ने दम तोड़ दिया। वहीं प्रसव के बाद से ही जच्चा को रक्तस्त्राव शुरू हो गया एक घण्टा बीतने के बाद भी वहां मौजूद स्टाफ के लोग रक्तस्त्राव नहीं रोक पाये। हालत गंभीर देखते हुए प्रसूता को हायर सेंटर नर्सिंग होम के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले ही उसकी भी मौत हो गई। दिव्यांशु की मौत से गुस्साए परिवारजनों ने गुरु जी हॉस्पिटल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजनों को समझा कर शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । अस्पताल संचालक स्टाफ नर्स कैमरे के सामने से दूर रहीं ।



घटना के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# एंटीकरप्शन टीम ने संविदा कर्मी को रिश्वत लेते पकड़ा

## बिजली थाने के दरोगा से ले रहा था 61 जांचों के 6100 रुपये, हो रही मामले की जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर कोतवाली में कर्मचारी के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** थाना एण्टी पावर थेफ्ट में एंटीकरप्शन टीम ने छापा मार कर संविदा सीसीटीएनएस कर्मचारी को दरोगा से रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सदर कोतवाली में टीम के प्रभारी ने संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। टीम आरोपी को अपने साथ ले गई।

बिजली थाने के दरोगा नरेंद्र सिंह चौहान की शिकायत पर सोमवार की देर शाम एंटीकरप्शन कानपुर की टीम ने बिजली थाने में छापा मारा। इस दौरान टीम ने संविदा सीसीटीएनएस कर्मी आकाश शुक्ला पुत्र सुरेश कुमार निवासी मोहल्ला ताजपुर नौकाश कन्नौज को घूस के तौर पर 6100 रुपये लेकर जेब में डालते गिरफ्तार किया। दरोगा ने एंटीकरप्शन टीम से शिकायत की थी कि उक्त कर्मचारी बिजली चोरी की प्रति जांच की चार्जशीट को कंप्यूटर पर फीड करने के लिए 100 रुपये की मांग करता है। न देने पर काम नहीं करता। जो दूसरा कर्मचारी है उसे कंप्यूटर पर फीड करने की जानकारी नहीं देता। यही नहीं पासवर्ड को ही बदल देता। इस तरह से 61 जांचों के 6100 रुपये हो गये।

एंटीकरप्शन टीम के बताने के अनुसार दरोगा ने कर्मी को रुपये दिये। जैसे ही उस ने रंग लगे रुपये लेकर जेब में डाले टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। टीम के प्रभारी निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह ने संविदा कर्मी को गिरफ्तार करने के बाद सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बिजली थाने के दरोगा ने कई गंभीर आरोप लगाये।

### पहले कराई गोपनीय जांच, फिर मारा छापा

**कन्नौज।** बिजली थाने के दरोगा की शिकायत पर एंटीकरप्शन थाना के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्र ने पहले गोपनीय जांच कराई कि संविदा कर्मचारी काम के बदले घूस लेता है या नहीं? इसके लिये निरीक्षक सुशील पाराशर को लगाया। वह बिजली थाना पहुंचे और गोपनीय जांच की। उन्होंने पाया कि कर्मचारी सभी दरोगा से रुपये लेता है। 12 जून को उन्होंने जांच रिपोर्ट प्रभारी निरीक्षक को प्रस्तुत की। इसी के आधार पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में निरीक्षक जटा शंकर सिंह, निरीक्षक राम आसरे त्रिपाठी, दरोगा नन्देश्वर द्विवेदी, सिपाही रवि वर्मा, हेड सिपाही आशीष कुशवाहा, बृजनन्दन, सिपाही सतेंद्र, धनेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### डीएम से संस्तुति पर दो कर्मचारी दरोगा के पास पहले पहुंचे

**कन्नौज।** एंटीकरप्शन टीम के प्रभारी के अनुसार जिले में छापेमारी करने से पहले टीम ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिलाधिकारी की संस्तुति पर कर्मचारी अखिलेंद्र सिंह व मुवारिक अली को लगाया गया। यह दोनों टीम के बताने के अनुसार बिजली थाने के दरोगा नरेंद्र सिंह के पास पहुंच गये। वहां कुर्सी पर बैठ कर बात करने लगे जबकि एंटीकरप्शन टीम थाने के बाहर खड़ी रही। जैसे ही दरोगा ने घूस के तौर पर रुपये संविदा कर्मचारी को दिये तो उसे दबोच लिया गया।

# पति को मारकर गटर में फेंकने की धमकी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई सुरक्षा की गुहार
- 29 अप्रैल को सुमेरपुर की युवती से हुआ था विवाह

**अमृत विचार।** साहब! मुझे मेरी पत्नी से बचा लीजिए। उसने धमकी दी है कि हंसिए से कटवा कर प्रेमी से गटर में फिंकवा देगी। प्रेमी संग अतरंग फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर रही है।

यह दर्द क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक का है, जिसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आप बीती सुनाई है। युवक ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी 29 अप्रैल को सुमेरपुर निवासी एक युवती के साथ हुई थी। 13 जून को उसकी पत्नी अपने पिता, मां सहित अन्य रिश्तेदारों के साथ आई और उसके घर पर जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद घर में रखे 25 हजार रुपये नगदी व जेवरात लेकर चले गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उसके परिजन खेत में मूंग की फसल काटने गए थे। पत्नी ने यूपी 112 पुलिस को बुलाकर उसे थाने भिजवा दिया था। आरोप लगाया कि पत्नी ने धमकी दी है कि वह प्रेमी के जरिए हंसिया से काटकर गटर में फेंकवा देगी। उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उधर, पत्नी ने 13 जून को थानाध्यक्ष को तहरीर देकर पति पर खिलाफ मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की थी।

### पिता-पुत्रों ने मिलकर पीटा

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया निवासी शैलेन्द्र मिश्रा ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती शाम वह अपने भाई के साथ घर में बैठा हुआ था तभी गांव के रामनाथ विश्वकर्मा और उसके पुत्र रवि और विमल आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिससे उनके गंभीर चोंटे आईं हैं और उनके भाई सुरेंद्र का हाथ टूट गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आईएएस बनाने के नाम पर ठगे लाखों, केस दर्ज

संवाददाता सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली त्र में एक आईएएस बनाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

लक्ष्मणपुर निवासी प्रांजल त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2022 में उसने यूपीएससी प्री की परीक्षा दी थी। इसी बीच उसकी मुलाकात कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईनाथपुर निवासी प्रणव द्विवेदी से हुई। प्रणव घर भी आने जाने लगा था सभी का भरोसा जीत लिया। इसी बीच उसने कहा कि उसके कई मंत्रियों से संबंध हैं। वह उन्हें आईएएस बनवा देगा। झांसे में लेकर प्रणव ने अपने पिता के खाते में 26.50 लाख रुपए मंगवा लिए। 18 जनवरी 2023 को प्रणव ने प्रांजल को लखनऊ बुला यूपीएससी मेंस के एडमिट कार्ड व इंटरव्यू के कागज दिया। उस समय प्रणव के साथ उसके मित्र राज मिश्रा व उत्कर्ष द्विवेदी भी मौजूद थे। इसके बाद मनीष द्विवेदी के खाते में सात लाख रुपए, श्रेयांश अग्रहरि के खाते में 80 हजार व प्रणव ने अपने गूगल पे खाते में दस हजार पांच सौ रुपए व दीपक पटेल के खाते में दो लाख रुपए मंगवाए। पहला नियुक्ति पत्र प्रणव ने अपने मित्र राज मिश्रा द्वारा कूरेभार में दिलवाया, जिस भारत सरकार की मुहर लगी हुई थी। लेकिन प्रणव नियुक्ति नहीं करा पाए तो दूसरा नियुक्ति पत्र पड़ोसी मनीष द्विवेदी के हाथो कूरेभार पेट्रोल पंप पर दिलवाया। दूसरे नियुक्ति पत्र में ज्वाइनिन आठ सितंबर 2024 थी । उस पर भी भारत सरकार की मुहर लगी हुई थी। पिता-पुत्र समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## इजरायल गए कामगारों को लेकर राज्य सरकार चिंतित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश से इजरायल गए 5952 कामगारों को लेकर राज्य सरकार लगातार समन्वय एजेंसी के संपर्क में है। इस्राइल गए कामगार वहां 112 कंपनियों में काम कर रहे हैं।

दरअसल, इस्राइल में मौजूद उप्र. के कामगारों की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है। इस बाबत सरकार के साथ समन्वय करने वाली एजेंसी एनएसडीसी इंटरनेशनल से निरंतर बात हो रही है। श्रम विभाग के मुताबिक मिसाइल हमलों के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कामगारों को उनके कार्यस्थलों और जरूरत होने पर बंकरों में रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सुरक्षा उपायों का हर हाल में पालन करने की सलाह दी गई है।

# बाइक में मां की गोद से छिटकी बच्ची ट्रक के नीचे आई, मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा


- नेशनल हाईवे-2 के फूफई ओवरब्रिज पर हुआ हादसा
- बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बच्ची हाथ से छूटी

**अमृत विचार।** मंगलवार को नेशनल हाईवे-2 के फूफई ओवरब्रिज पर एक बाइक को बेकाबू ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर बैठी महिला के गोद से 9 महीने की बच्ची छिटककर सड़क पर गिर गई। तभी उसके ऊपर से ट्रक का पहिया निकल गया। उसकी मां भी सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। वहीं एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया और मां का इलाज किया जा रहा है। वहीं अस्पताल पहुंचे बच्ची के पिता का बार-बार बेटी के पैरों के चूमता रहा।

थाना बसरेहर क्षेत्र के सरैया ताल में परवेज खान (35), जो कि टेलर है अपनी पत्नी परवीन (30) और 9 महीने की बेटी जीनत के साथ रहते हैं। परवेज किसी काम से पत्नी और बेटी के साथ औरैया गया था। वहां से मंगलवार दोपहर बाइक से तीनों लोग वापस लौट रहे थे। जैसे ही उसकी बाइक फूफई ओवरब्रिज के ऊपर पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई और उसकी पत्नी परवीन की गोद से मासूम बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर जा गिरी।

बच्ची के सड़क पर गिरते ही ट्रक का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। मां-बाप रो-रोकर बेसुध हो गए। सूचना मिलने पर इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची व घायल परवीन को अस्पताल भिजवाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल परवीन का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी के सहारे उसकी तलाश कर रही है। वहीं, सड़क हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों का संचालन सुचारू कराया।

## सार-संक्षेप



लखनऊ में मुख्यमंत्री को शंख भेंट करते भाजपा के पदाधिकारी।

### सीएम को 2027 फतेह के शंखनाद के लिए भेंट किया शंख

**अयोध्या।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडेय, कार्यालय मन्त्री बबलू मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात की। शंख भेंट कर तीसरी पारी 2027 में फिर से मुख्यमंत्री बनाने का शंखनाद किया। प्रदेश के नौजवानों के लिए प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, ईमानदार भर्ती प्रक्रिया संपादित कराने, पुलिस की एक साथ अभ्यर्थियो को बुलाकर अपॉइंटमेंट लेटर देने पर धन्यवाद और बधाई दी। इस अवसर पर सीएम ने अयोध्या धाम के विकास, स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यालय मन्त्री ने स्थानीय जनहित से जुडे मुद्दों पर सीएम का ध्यान आकृष्ट किया। सीएम ने मुद्दों को गंभीर से लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### 150 फीट गहरी खाई में गिरने से मजदूर की मौत

**महोबा।** थाना कबरई के ग्राम पहारा में पहाड़ पर काम करते समय एक श्रमिक का पैर फिसल जाने से वह 150 फिट नीचे गहरी खाई में गिर गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम पहारा निवासी रमेश प्रजापति 40 पुत्र मथुरा प्रजापति पहारा एक पहाड़ में मजदूरी करता था, प्रति दिन की तरह मंगलवार को भी वह मजदूरी करने पहाड़ पर गया था, लेकिन काम करने से पहले ही अचानक पहाड़ पर चढते समय अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे वह 150 फिट नीचे पहाड़ की चट्टानों से टकराता हुआ जा गिरा। जिससे उसके सिर और शरीर पर काफी चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। श्रमिक की मौत के बाद दूसरे मजदूर बुरी तरह सहम गए और पहाड़ पर काम बंद कर दिया। इस घटना से आस पास के पहाड़ में काम करने वाले मजदूरों में भी दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के परिजन पहाड़ संचालक से आर्थिक सहायता की मांग कर रहे है। मृतक के घर मे गमगीन माहौल बना हुआ है।

### ट्रक में पीछे से भिड़ी स्लीपर बस, कई यात्री घायल

**उरई जालौन।** गोहन थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से भिड़ गई। जिससे बस पर सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों को गोहन पुलिस ने उपचार के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज जारी है। दिल्ली से सवारियां लेकर स्लीपर बस सोमवार रात को हमीरपुर राठ जा रही थी। इस दौरान बस जब बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गोहन थाना क्षेत्र में पहुंची तभी आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। बताया गया कि घटना उस समय हुई जब खनिज विभाग की टीम एक्सप्रेसवे पर चेकिंग कर रही थी। आरोप है कि खनिज विभाग टीम ने एक ट्रक को रोका और ट्रक के अचानक रुकने से पीछे से आ रही राठ दिल्ली स्लीपर बस उससे टकरा गई। टक्कर से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूत्रों की मानें तो हादसे के बाद खनिज विभाग की टीम नौ दो ग्यारह हो गई।

### सीएससी संचालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**हमीरपुर ।** सुमेरपुर कस्बे के पावर हाउस में कॉमन सर्विस सेंटर चलाकर विद्युत बिल जमा करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के घर आने पर घटना का खुलासा होते ही परिवार में कोहराम मच गया। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी निवासी अमर गुप्ता (25) अपने भाई अंकित उर्फ लल्लू के साथ रहता था। मंगलवार सुबह अंकित पत्नी के साथ घाटमपुर कुष्मांडा देवी मंदिर दर्शन को गया। घर पर अमर अकेले था। सूना घर पाकर अमर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई के वापस लौटने पर घटना का पता चल सका। घटना पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कार में लिफ्ट देकर युवक को लूटा, हाईवे पर फेंका

**बरेली।** गुरुग्राम से लौट रहे शाहजहांपुर के एक युवक को कार में लिफ्ट देकर चार बदमाशों ने मारपीट की और 14 हजार रुपये, सोने की चेन, मोबाइल फोन और मिठाई का डिब्बा लूट लिया। विरोध करने पर चलती कार से उसे हाईवे पर फेंक दिया। शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव हसौआ निवासी रामवीर ने बताया कि वह रविवार देर रात गुरुग्राम से घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब चार बजे वह सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचा। जहां पर एक ठेले से मिठाई लेकर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहा कि वह कार लेकर जा रहा है। वह चाहे तो उसके साथ चल सकता है। उसने बीसलपुर तक जाने को कहा और उसके बाद वह उसकी कार में बैठ गया। जैसे ही कार सेटेलाइट से निकली तो उसका रूट बदल गया। रामवीर ने गलत दिशा में जाने का विरोध किया तो कार सवार लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे लात-घूंसे मारा पीटा और लूट लिया। उसके बाद हाईवे किनारे सुनसान जगह पर फेंक कर फरार हो गए।

### आयुष विवि में निर्माण में लापरवाह फर्मों पर करें कार्रवाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़े सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो जाने चाहिए। समय से काम पूरा न होने की अब तक की स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निर्माण से जुड़ी ऐसी फर्मों पर कार्रवाई होनी चाहिए।सीएम योगी मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और हाल के दिनों में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण को प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने 30 जून को आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित आगमन को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी है कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सतत पर्यवेक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम की तैयारी के बारे में भी जानकारी ली। सीएम ने उन्होंने कहा कि कार्यक्रम भव्य होना चाहिए।

महोत्सव

**महंत कमलनयन दास शास्त्री ने मां सरयू का सवा क्विंटल दूध से अभिषेक कर पूजन-अर्चन कर छप्पन भोग लगाया। दीपदान कर 51 सौ बाती से महाआरती की**

# धूमधाम से मना मां सरयू का छठी महोत्सव, हुआ भंडारा



मुख्य अतिथि महंत कमल नयन दास शास्त्री को स्मृति चिन्ह प्रदान करते नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचारः सरयू मैया के जन्मोत्सव का छठी का महोत्सव मंगलवार को नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में संत तुलसीदास कच्चा घाट पर धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव पर मां सरयू की महाआरती हुई। दिव्य व भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई।पूजन-अर्चन, अभिषेक, बधाई, भजन, भंडारा, प्रसाद वितरण आदि हुआ।

मुख्य अतिथि नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट संरक्षक व मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने मां सरयू का सवा क्विंटल दूध से अभिषेक कर पूजन-अर्चन कर छप्पन भोग लगाया। दीपदान कर 51 सौ बाती से मां सरयू की भव्य महाआरती उतारी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी का उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने अंग वस्त्र, राम नाम पट्टिका ओढ़ाकर एवं श्रीराम दर्शन स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया।

छठी महोत्सव पर दिव्य व भव्य महाआरती से समूचा सरयू तट रोशन रहा और फूलबंगले की सुगंधित पुष्प झांकी की शोभा बढ़ा रहे थे। दिव्य फूलबंगला झांकी में विराज सरयू मैया का दर्शन कर भक्तों ने जीवन कृतार्थ किया और पुण्य के भागीदार बने। देर रात तक चले भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार मोहन शास्त्री ने मनमोहक भजनों से महोत्सव में चार-चांद लगा दिया। मुख्य अतिथि महंत कमलनयन दास ने कहा कि सरयू मैया अपने भक्तों का कल्याण करती हैं और भक्तों पर आने वाली विपत्ति को सदैव के लिए दूर करती हैं। उन्होने राष्ट्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह डेढ़ दशक से संत तुलसीदास घाट पर नित्य सायंकाल सरयू मैया की आरती कर रहे हैं और प्रतिवर्ष मां सरयू का छट्ठी महोत्सव मनाते आ रहे हैं। छट्ठी महोत्सव पर आयेजित विशाल भंडारे का संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी, पदुम नारायण द्विवेदी, विश्वास स्वरूप अग्रवाल , ज्योतिषाचार्य पं. राकेश तिवारी, उप निदेशक कृषि डॉ. पीके कनौजिया, एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह, स्वामी मुरारी दास ने भक्तों को प्रसाद वितरित कर किया। भंडारा में भारी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. अवधेश वर्मा, महानगर प्रचारक सुदीप जी, महंत रामदास बालयोगी, महंत लक्ष्मण दास, आचार्य आनंद शास्त्री, सिस्टम बाबा, पार्षद अंकित त्रिपाठी, दुर्गेश पांडेय, प्रदीप पांडेय, पुजारी अभिषेक पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।



नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

**लीड्स :** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

**लंदन :** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे

**लंदन :** भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। गिल को ड्रेसिंग रूम में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है।



- **दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा**

### शास्त्री ने तीसरे नंबर पर सुदर्शन से बल्लेबाजी कराने का सुझाव दिया

**लीड्स :** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री युवा साई सुदर्शन के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में महत्वपूर्ण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का समर्थन कर रहे हैं और चाहते हैं कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 'शानदार' प्रदर्शन करने वाले करुण नायर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करें। शास्त्री ने मंगलवार को आईसीसी रिव्यू में कहा यशस्वी जायसवाल होंगे और उनके साथ लोकेश राहुल होंगे क्योंकि मुझे लगता है कि यह उनके लिए एक बड़ा दौरा है। जब भारत ने पिछली बार इंग्लैंड का दौरा किया था तब उन्होंने (राहुल) पारी की शुरुआत की थी, शतक बनाया था और अच्छा दौरा रहा था।

## श्रेयस को इंग्लैंड दौरे में होना चाहिए था: निक नाइट

**नई दिल्ली :** पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट का मानना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में श्रेयस अय्यर की मौजूदगी टीम को बदलाव के दौर से गुजरने में मदद करती और साथ ही उन्होंने 20 जून से शुरू होने वाली सीरीज में कुलदीप यादव को मेहमान टीम के लिए संभावित तुरुप के पत्ते के रूप में चुना। अय्यर के टीम का हिस्सा नहीं होने के कारण नाइट को कुलदीप और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।

सुदर्शन के लीड्स में पहले टेस्ट के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने की उम्मीद है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारत के बल्लेबाजी क्रम में अनुभव की कमी है और अब जाने-माने कमेंटेटर नाइट ने शीर्ष क्रम को स्थिरता देने के लिए लोकेश राहुल को चुना। नाइट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत को 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतनी है तो 20 विकेट लेना महत्वपूर्ण होगा। इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट और 100 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 55 साल के नाइट नहीं चाहते कि भारत अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए गेंदबाजी से समझौता करे। नाइट इस दौरान राहुल से काफी प्रभावित नजर आए। मैं लोकेश राहुल का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

### एक नजर

### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर :** भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

### भारतीय फुटबॉल टीम के सामने ताजिकिस्तान की चुनौती

**नई दिल्ली :** भारतीय अंडर-23 फुटबॉल टीम बुधवार को ताजिकिस्तान के खिलाफ मैत्री मुकाबले में उतरेगी तो उसकी कोशिश आगामी एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। यह मुकाबला दुशांबे के पास हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इस दौरे पर शनिवार को दूसरे मैच में किर्गिज गणराज्य का सामना करेगी। भारत सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के लिए बहरीन, कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम के साथ ग्रुप ई में है। टीम का लक्ष्य पहली बार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने का है। कोच नौशाद मूसा की देखरेख में भारत के 23 खिलाड़ियों का दल सोमवार शाम को दुशांबे पहुंचा और उसने मंगलवार को 90 मिनट के अभ्यास सत्र में भाग लिया। ताजिकिस्तान अंडर-23 टीम ने अपने पिछले दोनों मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले हैं।

## आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

- **छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना**
- **भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे**



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।



जसप्रीत बुमराह।

## कप्तानी नहीं करने के बारे में बता दिया था: बुमराह

**लीड्स, एजेंसी :** दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए बीसीसीआई को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से इस सीरीज को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा।

> मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।
>
> -जसप्रीत बुमराह

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन :** बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ पर की गई गैर पेशेवर टिप्पणियों के लिए मंगलवार को माफी मांग ली।

गॉफ ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका को इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन के फाइनल में हराया था। मैच के बाद सबालेंका ने कहा था कि यह मेरा फाइनल मैच में सबसे खराब प्रदर्शन रहा। मेरी गलतियों के कारण गॉफ ने खिताब जीता। सबालेंका ने आज कहा कि उन्हें अपनी टिप्पणियों पर खेद है। यह मेरे लिए बिल्कुल भी पेशेवर नहीं था। मैंने अपनी भावनाओं को हावी होने दिया।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए



थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश: छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### साक्षात्कार



खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

- **खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना**

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है। उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608.68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

## अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव

# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।

### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।




### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**अमेरिका की नई आव्रजन नीति ने वैश्विक स्तर पर कई बदलावों को जन्म दिया है, जिनका भारत पर विशेष प्रभाव पड़ा है। एक ओर यह नीति अमेरिका के लिए कुछ लाभकारी हो सकती है लेकिन भारत को इससे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### दक्षिण अफ्रीका में बस-ट्रक की टक्कर में 12 मरे

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत में व्रीहीड के पास सोमवार को एक बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और दस घायल हो गए। क्वाजुलु-नताल प्रांतीय सरकार के अधिकारी सिबोनिसों डूमा ने बताया कि दुर्घटना सोमवार आधी रात के आसपास हुई। दस लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दस अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में ले दाखिल कराया गया है। बाद में दो और घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में भारी दहशत का माहौल

**बेरूत, एजेंसी**

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसका मानना है कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है जो नतांज में भूमिगत संवर्धन हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव का संकेत देते हैं।

### ईरान ने इजराइल में अब तक 700 ड्रोन हमले किए

**तेहरान।** ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3 की शुरुआत के बाद से ईरान ने इजरायल पर 700 से ज्यादा जवाबी ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी की मंगलवार को एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइल हमला शुरू किया है। इजराइल ने कहा कि ईरानी हमलों में 20 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 600 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने कहा कि इजराइल के हमलों में उसके 220 से अधिक लोग मारे गये तथा 1,200 से अधिक घायल हुए हैं।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### इजराइल का अस्पताल पर हमला युद्ध अपराधः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने केरमानशाह स्थित फराबी अस्पताल पर इजराइल के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और युद्ध अपराध करार दिया है। ईरान प्रशासन की प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने कहा है कि केरमानशाह में फराबी अस्पताल पर इजराइल का हमला उसकी क्रूरता का स्पष्ट उदाहरण है। इजराइल ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग नौ बजे अस्पताल पर मिसाइल से हमला किया था। हमले से अस्पताल को भारी नुकसान हुआ। अस्पताल के कई उपकरण नष्ट हो गए। खिड़कियों के टूटने से कई वार्डों में मरीज़ों को चोटें आईं। इजराइल ने शुक्रवार की रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए थे।

# ऑपरेशन सिंदूरः सेना का पूर्व सेना प्रमुखों के साथ विचार मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भविष्य की चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने की तैयारी
- पूर्व सेना प्रमुखों ने अनुभव साझा कर कई सिफारिशें कीं

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में जनरल वी पी मलिक, जनरल दीपक कपूर, जनरल जे जे सिंह और जनरल मनोज पांडे सहित अन्य पूर्व सेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

जनरल द्विवेदी ने सेना में किे जा रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं में निरंतर भागीदारी में पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान का उल्लेख किया। पूर्व सेना प्रमुखों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से 'ब्रीफिंग' दी गई, साथ ही वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन में समन्वय पर भी जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में ऑपरेशन के निष्पादन के बारे में प्रासंगिक समझ और पूर्व प्रमुखों से अंतर्दृष्टि आमंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सेना के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार

सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी पहल, विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान और मानव संसाधन नीतियों में सुधार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा पूर्व सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि और सिफारिशें साझा की।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

**लंदन, एजेंसी**

- भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई

पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।

सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।

## सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत, 116 घायल

## रात के वक्त ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला, घरों में सो रहे थे लोग, कई इमारतें ध्वस्त

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

### जेलेंस्की ने शक्तिशाली देशों की आलोचना की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को कीव पर सबसे भयानक हमलों में से एक बताया और कहा कि रूसी सुरक्षा बलों ने रातभर में यूक्रेन पर 440 से ज्यादा ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध जारी रखने का जोखिम उठा सकते हैं। वह चाहते हैं कि युद्ध जारी रहे। यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि दुनिया के ताकतवर लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि हमले में छर्रा लगने से घायल हुए एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है।

# विमान हादसा: बालकनी से कूदते नजर आए लोग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो
- लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है।

भारत के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेजों में एक बीजेएमसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई का केन्द्र रहा है। दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे। लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद एअर इंडिया का विमान बोइंग 737-8 ड्रीमलाइनर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## चीन में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट नौ लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के मध्य में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

चीन की सरकारी मीडिया द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोमवार सुबह हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा जा सकता है। 'शांझोउ फायरवर्क्स कंपनी' की फैक्टरी हुनान प्रांत के चांगदे शहर के उत्तर में लिनली काउंटी के एक पहाड़ी हिस्से में है।

सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने मंगलवार दोपहर के आसपास एक ऑनलाइन खबर में कहा कि आगे और विस्फोट होने के खतरे और किसी बड़े जल स्रोत के अभाव ने अग्निशमन और पीड़ितों की तलाश के काम को जटिल बना दिया।

**अध्ययन**

**सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट**

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

## तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।